बिलासपुर, गुरुवार 13 जून 2024
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## बलौदाबाजार हिंसा...

### आग में जल गई गुंडों की हिस्ट्री 12 साल का रोजनामचा

हरिभूमि फॉलोअप

- कांग्रेस का जांच दल आज जाएगा, वरिष्ठ नेता कल पहुंचेंगे
- राजस्व के दस्तावेज नहीं जले, 12 साल पुराने रोजनामचा के कागजात खाक हुए
- स्टेनो शाखा, रीडर रूम, ओएम शाखा तक आए आग की चपेट में
- गुरु रुद्रकुमार पहुंचे गिरफ्तारी देने, कहा, सरकार ने मुझ पर गलत आरोप लगाए
- गृहमंत्री ने कहा, जितना नुकसान हुआ उसकी भरपाई उपद्रवियों से करेंगे


बलौदाबाजार हिंसा... सरकार ने की बड़ी कार्रवाई,
एसएसपी ने जांच के लिए जांच टीम
हटाए गए कलेक्टर और
मंत्रियों ने कहा-राजनीतिक साजिश, नुक
भरपाई उपद्रवियों से करेंगे, कांग्रेस-भाजपा म

# एक्शन में सरकार, 60 जेल भेजे गए, 200 हिरासत में, 500 से ज्यादा की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार में हिंसा में कलेक्टर और एसपी को हटाने के बाद सरकार ने उपद्रवियों पर सख्ती शुरू की है। उपद्रव करने वाले, कलेक्टर और एसपी दफ्तर को आग लगाने वालों को चुन-चुनकर पकड़ा जा रहा है। बुधवार को 60 लोगों को जेल भेजा गया। उनकी पहचान वीडियो फुटेज के आधार पर की गई। पूछताछ और जांच के बाद 200 लोगों को ▶▶| शेष पेज 8 पर



### फोरेंसिक टीम जांच कर लौटी

आगजनी की घटना की जांच करने रायपुर से फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मंगलवार को बलौदाबाजार पहुंची थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कलेक्टोरेट, एसपी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### कलेक्टर-एसपी ने किया ज्वाइन

मंगलवार देर रात सरकार ने एक्शन लेते हुए बलौदाबाजार के कलेक्टर एवं एसपी को हटाने का आदेश जारी कर दिया था। साथ ही दीपक सोनी को कलेक्टर और विजय अग्रवाल ▶▶| शेष पेज 8 पर

### गुरु रुद्र पहुंचे गिरफ्तारी देने, कहा मुझे पर गलत आरोप



सतनामी समाज के गुरू एवं पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार बुधवार को रायपुर के एसपी कार्यालय पहुंचे और यह मांग करने लगे कि उन्हें गिरफ्तार किया जाए। श्री गुरू एसपी ऑफिस में बैठ गए थे। इस दौरान एसपी मौजूद नहीं थे। उनकी मांग सुनने के बाद कहा गया कि मामला बलौदाबाजार का है, आप वहां जाकर अपनी गिरफ्तारी दें। इस पर श्री गुरू ने कहा कि उन्हें यहां ही गिरफ्तार कर बलौदाबाजार ले जाया जाए। पूर्व मंत्री श्री गुरू ने सरकार पर राजनीति करने का आरोप लगाते ▶▶| शेष पेज 8 पर




# किचन से फैली आग, खिड़कियों से लगा दी छलांग पर मौत से न बचे 41 भारतीय

*कुवैत की एक इमारत में भीषण अग्निकांड से हड़कंप मच गया। इस हादसे में 41 भारतीयों की मौत हो गई है। हादसे ने सरकार को भी झकझोर दिया है, जिन लोगों की मौत हुई है, उनके घरों में मातम पसरा है। इस हादसे में 30 से अधिक मजदूर घायल भी हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि किचन से आग फैली और लोग अपनी जान बचाने खिड़की से कूदे, लेकिन उनकी मौत हो गई।*



- इमारत में करीब 195 मजदूर रहते थे, इनमें ज्यादातर भारतीय बताए जा रहे
- पीएम मोदी ने दुख जताया, भारत सरकार ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

### इस हादसे में 30 से अधिक मजदूर घायल





एजेंसी ▶▶| दुबई/नई दिल्ली

कुवैत के मंगाफ शहर की जिस इमारत में आग लगी थी, उसमें करीब 195 मजदूर रहते थे। इन मजदूरों में ज्यादातर भारतीय हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आग बुधवार सुबह 4:30 बजे एक लेबर कैंप के किचन में लगी। कुछ लोगों की मौत आग देखकर अपार्टमेंट से बाहर कूदने के बाद हुई, जबकि अन्य जलने और धुएं में सांस लेने के कारण मारे गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, इमारत का स्वामित्व एक मलयाली व्यवसायी केजी अब्राहम ▶▶| शेष पेज 8 पर

### धुएं से हुई मौत

कुवैन के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक जिस इमारत में आग लगी वहां सिर्फ मजदूर ही रहते थे। इनमें से दर्जनों लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन दुर्भाग्य से धुएं की वजह से ही भारतीय मजदूरों की मौत हुई है। अलजजीरा से बात करते हुए सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम लोगों को इस बारे में चेतावनी देते रहते हैं, लेकिन फिर भी लेबर कैंप में मजदूरों को बुरी तरह ठूंसा जाता है, जिस तरह के हादसे होते हैं।

### • पीएम के निर्देश पर रवाना हुए कीर्तिवर्धन सिंह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत हादसे में घायल हुए भारतीय नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने और मृतकों की पार्थिव देह को जल्द से जल्द स्वदेश भेजने को लेकर सहायता प्रदान करने के लिए कुवैत रवाना हो गए। इस घटना में 30 से अधिक भारतीय मजदूर घायल भी हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं, प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास इस पूरी स्थिति पर बेहद बारीकी के साथ नजर रख रहा है।

### *जान बचाने के लिए इमारत से कूदे लोग*

*कुवैत के गृहमंत्री शेख फहद अल युसूफ ने लोकल मीडिया के जरिए बताया है कि जिस इमारत में हादसा हुआ, उसमें ज्यादातर मजदूर अवैध तौर पर रह रहे थे। हादसे वाली बिल्डिंग के मालिक का नाम केजी अब्राहम है। वह पेशे से व्यवसायी है। वह खुद केरल का रहने वाला है और उस इमारत में रहने वाले ज्यादातर मजदूर केरल और तमिलनाडु के हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक यहां रह रहे ज्यादातर मजदूर बिल्डिंग निर्माण, चौकीदारी और रीयल इस्टेट के पेशे से जुड़े थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग से बचने के लिए कई भारतीय मजदूर इमारत की पांचवीं मंजिल से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई।*

# लोकसभा का सत्र 24 से नए सदस्य लेंगे शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही में चुनाव के बाद बनी 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे।राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा।

- राष्ट्रपति का अभिभाषण 27 जून को
- 3 जुलाई को होगा सत्र का समापन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। सत्र का समापन 3 जुलाई को होगा। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। दोनों सदनों के सत्र तीन जुलाई तक चलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। सत्र के पहले तीन दिन नवनिर्वाचित नेताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही सदन के अध्यक्ष का चुनाव भी कराया जाएगा। सत्र का ▶▶| शेष पेज 8 पर

### पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक

रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है। राज्यसभा का 264वां सत्र भी 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा। 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ओर से संसद में अपने मंत्रिपरिषद का परिचय कराए जाने की उम्मीद है।







### T20 world cup

स्कोर बोर्ड

| भारत | | यूएसए |
|---|---|---|
| 111/3 | VS | 110/8 |

7 विकेट से जीता भारत
4 विकेट : अर्शदीप
प्लेयर ऑफ द मैच

| नामीबिया | | आस्ट्रेलिया |
|---|---|---|
| 72/10 | VS | 74/1 |

9 विकेट से जीता आस्ट्रेलिया
4 विकेट : एडम जम्पा
प्लेयर ऑफ द मैच

| श्रीलंका | | नेपाल |
|---|---|---|
| 0 | VS | 0 |

बारिश के कारण मैच ड्रा

**आज का मैच**

न्यूजीलैंड VS वेस्टइंडीज
समय: सुबह 6 बजे

बांग्लादेश VS नीदरलैंड
समय : रात 8 बजे

इंग्लैंड VS ओमान
रात 12.30 बजे

#### घटना के बाद आरोपी कारोबारी को दफ्तर में बंद कर भाग निकले

# दिन दहाड़े बंदूक टिकाकर धान कारोबारी से 27 लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आजाद चौक में धान का कमीशन एजेंट बुधवार 27 लाख की लूट का शिकार हो गया। दो अज्ञात लोगों ने उनपर बंदूक अड़ाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। प्रारंभिक विवेचना में यह बात सामने आई है कि आरोपी दोपहिया गाड़ी में पहुंचे थे। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर उनकी तलाश कर रही है। दिन दहाड़े हुई इस लूट की वारदात के बाद क्षेत्र में ▶▶| शेष पेज 8 पर

- दोपहिया गाड़ी में अपराध को अंजाम देने आए थे आरोपी



### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलने पर खरोरा पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। वहीं, घटना की सूचना राजधानी रायपुर के वरिष्ठ अफसरों को भी दी गई है। जांच में आए सीएसपी केसरी नंदन ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

### संदिग्धों से जारी है पूछताछ

घटना के बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रारंभिक विवेचना में यह बात सामने आई है कि लुटेरे दोपहिया वाहन में अपराध को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। पुलिस आसपास के लोगों से भी आरोपियों के हुलिये और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जुटा रही है।

#### खुदरा महंगाई 4.75 फीसदी

# देश में 12 महीने में सबसे कम महंगाई

**नई दिल्ली।** भारत की महंगाई में बड़ी गिरावट आई है और यह गिरकर 12 महीने के निचले स्तर पर चला गया है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ें के अनुसार, भारत की खुदरा महंगाई मई में सालाना आधार पर घटकर 4.75 प्रतिशत रह गई, जो 12 महीने सबसे निचला स्तर है, जबकि अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83% थी। महंगाई का ये डाटा ज्यादातर अर्थशास्त्रियों के अनुमान से कम है।

### कौन-कौन सी चीजें हुई सस्ती

अप्रैल 2024 की तुलना में सालाना आधार पर मसालों की कैटेगरी में सबसे बड़ी गिरावट हुई है। इसके बाद कपड़ा, जूते, घर और अन य चीजों की कैटेगरी में महंगाई पिछले माह की तुलना में कम हुई है।




# भाजयुमो नेता ने पत्नी के साथ खाया जहर, दोनों की मौत

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के ग्राम डिण्डो में भाजयुमो नेता ने पत्नी के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ने कमरा बंद कर जहर खा लिया। घटना के बाद महिला की घर में ही मौत हो गई जबकि पति ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। फिलहाल जहरखुरानी के कारणों का पता नहीं चल सका है और ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस जांच में जुटी

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम डिंडो निवासी 28 वर्षीय राकेश गुप्ता का विवाह वाड्रफनगर निवासी अंजू गुप्ता से हुआ था। राकेश भाजयुमो सनावल का मंडल पदाधिकारी था और वर्तमान में अंबिकापुर के एक निजी हॉस्पिटल में काम करता था। दोनों का एक तीन साल का बच्चा भी है। युवक मंगलवार को ही पत्नी व बच्चे के ▶▶| शेष पेज 8 पर



#### आतंकी खतरों को देखते हुए केंद्र सरकार का फैसला

# अयोध्या में बनेगा एनएसजी का हब

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नेशनल सिक्यूरिटी गार्ड (एनएसजी) का हब बनाया जाएगा। कश्मीर में पिछले तीन दिनों में तीन आतंकी हमलों के बाद से देश भर में संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। अयोध्या इस क्रम में सबसे अधिक चर्चा में आ गया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के बाद से लगातार यहां की सुरक्षा पर सवाल उठते रहे हैं।

- गृह मंत्रालय की तैयारी, सुरक्षा के लिए तैनात किए जाएंगे फोर्स



### हर दो महीने में बदलते हैं जवान

अभी तक राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवानों को हर दो महीने में बदल दिया जाता है। राम मंदिर की सुरक्षा में पीएसी की आठ कंपनी दी गई हैं। एटीएस की यूनिट भी अयोध्या में मौजूद रहती है। इसके अलावा सुरक्षा बलों की रिजर्व यूनिट भी मौजूद रहती है।

### केंद्र की ओर से लिया गया फैसला

केंद्र सरकार की ओर से फैसला लिया गया है कि अयोध्या में एनएसजी कमांडो की तैनाती की जाएगी। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, अयोध्या में राम भक्तों की सुरक्षा के लिए एनएसजी कमांडो की तैनाती की जाएगी। आतंकी हमलों जैसी स्थिति से निपटने के लिए विशेष रूप से इस योजना पर काम किया जा रहा है। जल्द ही इसे जमीन पर उतारने की तैयारी की जा रही है।

12- JUNE- COR- MAIN- Pg- 2 D-VIDESH_Layout 1 6/12/2024 9:47 PM Page 1



# शपथ ली और पैर छूकर भाई चिरंजीवी से लिपट गए पवन

## नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में दिखा भावुक पल

### साउथ के सुपर स्टार चिरंजीवी के छोटे भाई बनाए गए हैं डिप्टी सीएम

*साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार और जनसेना के संस्थापक पवन कल्याण की आंखें मानो किसी खास शख्स को ढूंढ रही थीं। पवन अचानक झुके और कॉटन की सफेद शर्ट पहने साउथ के सुपरस्टार और अपने बड़े भाई चिरंजीवी के पैर छू लिए। .. आंध्र प्रदेश में बुधवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह बहुत ही भव्य तरीके से हुआ। चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली तो वहीं पवन कल्याण ने भी डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान पवन कल्याण की आवाज में अलग ही जोश देखने को मिला। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पवन कल्याण ने पीएम मोदी समेत मंच पर मौजूद सभी मेहमानों को नमस्कार किया। लेकिन एक क्षण ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पवन कल्याण अचानक नीचे झुके और मंच पर सफेद शर्ट और काली पैंट में मौजूद चिरंजीवी के पैर छूने लगे। इसके बाद चिरंजीवी ने पवन को उठाया और अपने गले लगा लिया। छोटे भाई पवन कल्याण को सीने से लगाने के बाद दिग्गज एक्टर चिरंजीवी न सिर्फ भावुक हो गए बल्कि काफी खुश भी नजर आए। मानों उनके मन में एकदम से भावनाओं का बवंडर सा उमड़ पड़ा हो। जिस छोटे भाई को उन्होंने कभी कंधे पर उठाकर छूला झुलाया होगा, या साथ में खेले और बड़े होने पर एक्टिंग के गुर सिखाए, वो भाई आज आंध्र प्रदेश प्रदेश सरकार में मंत्री बनने जा रहा है, तो बड़े भाई का गर्वित होना तो लाजमी है। यह सिर्फ महज एक पल नहीं बल्कि दोनों भाइयों के बीच का वो प्यार है, जो आज की जनरेशन में कहीं गायब सा होता जा रहा है। लेकिन राजनीतिक मंच पर मौजूद चिरंजीवी और पवन कल्याण भाई-भाई के प्यार और कभी न टूटने वाले बॉन्ड की मिसाल से लग रहे थे।



### पवन ने कर दिया कमाल

बता दें कि आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में पवन कल्याण ने पीठपुरम सीट से जीत हासिल की है। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में पवन कल्याण की जनसेना दूसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। अब वह चंद्रबाबू नायडू की कैबिनेट में शामिल हुए हैं. वह आंध्र प्रदेश के नए डिप्टी सीएम होंगे। सिर्फ विधानसभा ही नहीं लोकसभा चुनाव में भी उनकी पार्टी जनसेना ने दो सीटों पर चुनाव लड़ जीत हासिल की है। पीएम मोदी भी उनकी जमकर तारीफ की थी।

### आम जनता भी खुशी से झूम उठी

पवन कल्याण जब मंत्री पद की शपथ ले रहे थे, उस दौरान बड़े भाई चिरंजीवी उनको टकटकी बांधे बस देखे जा रहे थे। वहीं वहां मौजूद आम जनता भी खुशी से झूम उठी। पवन की पत्नी के चेहरे पर भी अलग ही खुशी थी। लेकिन इस दौरान सबसे ज्यादा ध्यान बड़े भाई चिरंजीवी ने खींचा, उनकी खुशी का तो मानो ठिकाना ही नहीं था। चिरंजीवी ने भले ही इस दौरान एक लफ्ज न कहा हो लेकिन उनकी आंखों ने सबकुछ बयां कर दिया। छोटे भाई पवन के शपथ ग्रहण के दौरान चिरंजीवी काफी इठलाते नजर आए। उन्होंने ताली बजाकर आसपास बैठे लोगों से भाई की तारीफ की।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या के लोगों ने ठीक कर दी 'मंदिर की राजनीति'




**मुंबई।** यूपी की फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा की हार के अब तक के चर्चे हैं। इसकी वजह यह है कि इसी लोकसभा सीट के तहत अयोध्या भी आता है, जहां राम मंदिर बना है। अब एनसीपी के नेता शरद पवार ने भी इस पर टिप्पणी की है और इस नतीजे को अयोध्या के वोटरों की समझदारी करार दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के लोगों ने भाजपा के उम्मीदवार को हराकर दिखाया है कि 'मंदिर की राजनीति' को कैसे ठीक किया जाए।

### भारत-मालदीव के संबंध होंगे मजबूत : मुइज्जू



**माले।** भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा को मालदीव और क्षेत्र के लिए "सफलता" बताते हुए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि "ईश्वर की इच्छा से" दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों से मालदीव के लोगों के लिए समृद्धि बढ़ेगी। मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए अपनी पहली भारत यात्रा संपन्न होने के बाद सरकारी मीडिया पीएसएम से कहा, "यह यात्रा मालदीव और क्षेत्र के लिए भी सफल रही है।"

### मुंबई पुलिस ने किया सलमान का बयान दर्ज



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अप्रैल में यहां बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के निवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में बुधवार को उनका बयान दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा के अधिकारी बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में अभिनेता के निवास पर (उनका बयान दर्ज करने के लिए) गये। इस इमारत के बाहर 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल से आये दो व्यक्तियों ने गोलियां चलायी थीं। इस गोलीबारी को लेकर पुलिस ने कथित निशानेबाजों विकी गुप्ता और सागर पाल को गुजरात से गिरफ्तार किया ।

---

### आरोपियों ने लिखे प्रतिमा के नीचे खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर से संबंधित विवादित नारे

# कनाडा के बाद इटली में भी बेकाबू खालिस्तानी, गांधी प्रतिमा तोड़ी

इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया में 13 जून से शुरू हो रहा जी-7 सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के बाद अब खालिस्तानी चरमपंथी इटली में भी नापाक हरकतें करने लगे हैं। इटली में बुधवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा के उद्घाटन के कुछ ही घंटों बाद खालिस्तानी चरमपंथियों ने उसे तोड़ दिया। आरोपियों ने प्रतिमा के नीचे खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर से संबंधित विवादित नारे भी लिखे। भारत द्वारा आतंकवादी घोषित किए गए निज्जर की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि घटना के बाद स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इलाके को "रिकॉर्ड समय" में छान डाला है और जांच कर रहे हैं। यह घटना जी7 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाग लेंगे।

### मूर्ति तोड़ने से भारत नाराज

खालिस्तानी समर्थकों के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देने के बाद भारत ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। इतना ही नहीं, इस मामले में मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाए। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस घटना से भारत के लोग बहुत दुखी हैं। यह घटना एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे को उजागर करती है। विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि यह मामला इतालवी अधिकारियों के समक्ष उठाया है। बता दें, पिछले साल की शुरुआत में इसी तरह की एक घटना में खालिस्तान चरमपंथियों द्वारा कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एक विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

## 13 से शुरू होगा जी-7

इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के आलीशान रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में चल रहे युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी उनके देश पर रूसी आक्रमण पर एक सत्र में भाग लेने वाले हैं।



### पीएम मोदी आज होंगे इटली रवाना

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक पीएम मोदी 13 जून को इटली के लिए रवाना होंगे और 14 जून की देर शाम तक वापस आ जाएंगे। प्रधानमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विनय क्वात्रा और एनएसए अजीत डोभाल शामिल हो सकते हैं। पीएम मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिसमें इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ बैठक भी शामिल है।

### ये देश हैं G7 में शामिल

पिछले साल पीएम मोदी ने हिरोशिमा में G7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, उन्होंने शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की के साथ-साथ अन्य विश्व नेताओं के साथ बातचीत की थी। जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा और जापान शामिल हैं। इटली वर्तमान में G7 (ग्रुप ऑफ़ सेवन) की अध्यक्षता कर रहा है और उसी हैसियत से शिखर सम्मेलन की मेज़बानी कर रहा है।

---

### 20 लाख के इनाम का ऐलान

# रियासी बस हमले में शामिल आतंकवादी का स्केच जारी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी जिले में एक यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच मंगलवार को जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। हाल में आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी मंदिर से कटरा ले जा रही 53 सीट वाली एक बस पर पोनी इलाके में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी। हमले के बाद बस खाई में जा गिरी थी। इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 लोग जख्मी हो गए थे। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, 'रियासी पुलिस ने पोनी क्षेत्र में यात्री बस पर हाल में हुए हमले में शामिल आतंकवादी के बारे में कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।' उन्होंने बताया कि आतंकवादी का स्केच प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर तैयार किया गया है।

### रविवार को हुई घटना

रविवार को घटना उस समय हुई थी, जब 53 सीटर बस शिवखोरी मंदिर से कटरा में वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी। बस पर गोलीबारी पोनी इलाके मं हुई। बस में यूपी, राजस्थान और दिल्ली के यात्री सवार थे। घटना के बाद जब ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, तो बस खाई में गिर गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीड़ितों ने बताया था कि हमलावरों ने बस पर कई मिनटों तक गोलीबारी की थी।

### इन नंबरों पर दी जा सकती है सूचना

एसएसपी रियासी - 9205571332
एएसपी रियासी - 9419113159
डिप्टी एसपी एचक्यू रियासी - 9419133499
एसएचओ पौनी - 7051003214
एसएचओ रनसू- 7051003213
पीसीआर रियासी- 9622856295

### पीएम मोदी की चुप्पी पर राहुल ने उठाए सवाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इन हमलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर उनपर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, "बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेंद्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं।" उन्होंने आगे लिखा, "देश जवाब मांग रहा है। आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते?"

---

# 'तैयार रहिए, हम आपके अफसर को सीधे जेल भेजेंगे'

### सुप्रीम कोर्ट ने पानी पर हिमाचल, दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया पर नकेल नहीं कसे जाने को लेकर बुधवार को दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि अगर दिल्ली सरकार टैंकर माफिया पर नकेल नहीं कस पाती है तो हम दिल्ली पुलिस को लगाएंगे। शीर्ष अदालत ने पूछा कि हिमाचल से पानी आ रहा है तो ये दिल्ली में कहां जा रहा है। हिमाचल प्रदेश से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर साफ-साफ जानकारी नहीं दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी चेतावनी



देते हुए कहा, 'तैयार रहिए, हम आपके अफसर को सीधे जेल भेजेंगे।' कोर्ट ने संबंधित अफसर को गुरुवार को कोर्ट में पेश होने कहा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार से गुरुवार तक हलफनामा देकर बताने को कहा है कि उसने पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

### हलफनामा देकर दें जानकारी

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की वकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर बताए कि उसने पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं। बेंच ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर भी नाराजगी जताई, जिसने एक पत्र में कहा था कि राज्य सरकार दिल्ली को जो 132 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ना चाहती थी, वह 'पहले से ही निर्बाध रूप से बह रहा है।'

### विहिप का प्रदर्शन...




सिलीगुड़ी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ता रियासी में आतंकवादी हमले में नौ हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या के विरोध में सिलीगुड़ी, प. बंगाल में बुधवारको नारेबाजी करते हुए।

# जेडीयू भी बोली- 400 पार वाले नारे से हुआ नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

▪ महाराष्ट्र के सीएम शिंदे ने भी कही थी यही बात

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के द्वारा 'अबकी बार,400 पार' का नारा दिया गया था। पीएम मोदी ने भी अपने भाषणों में इसका जिक्र किया। हालांकि नतीजों में भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ। भगवा पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। सरकार बनने के बाद अब चुनाव नतीजों की समीक्षा की जा रही है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने हाल ही में कहा कि बीजेपी के 'अबकी बार, 400 पार' का नुकसान हुआ है। उनके बयान का सरकार में शामिल जेडीयू ने भी समर्थन किया है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा, "हमारे द्वारा लगाए गए 400 पार के नारे का विपक्षी दलों के द्वारा संविधान बदलने से जोड़कर घोर दुरुपयोग किया गया।" इससे पहले शिंदे ने कहा था कि इस नारे के जोर पकड़ने से संविधान बदलने और आरक्षण हटाने को लेकर लोगों में आशंका घर करने लगी थी।

---

### 32 पेज के डाक्यूमेंट के जरिये बताई अपनी अपेक्षाएं

# ब्रिटेन में नाराज हैं 10 लाख हिंदू, जारी किया अपना मैनिफेस्टो

एजेंसी ▶▶| लंदन

▪ ब्रिटेन में चार जुलाई को होने हैं आम चुनाव

ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले ब्रिटेन के हिंदुओं ने भावी सरकार के लिए अपनी मांगों को लेकर घोषणापत्र जारी किया है। यह पहला मौका है जब ब्रिटेन के हिंदुओं ने 32 पेज के डाक्यूमेंट के जरिये अपनी अपेक्षाओं को बताया है। ये उन सभी दलों के राजनेताओं के लिए है जो



उनका वोट पाना चाहते हैं। मैनिफेस्टो का मसौदा सामूहिक रूप से 'हिंदू फॉर डेमोक्रेसी' द्वारा जारी किया गया है। इन मांगों में हिंदुओं के खिलाफ नफरत रोकना और मंदिरों की सुरक्षा शामिल है। 'हिंदू फॉर डेमोक्रेसी' 15 हिंदू संगठनों का एक समूह है, जिसमें बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था, चिन्मय मिशन, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) का यूके चैप्टर, हिंदू काउंसिल यूके, हिंदू फोरम ऑफ ब्रिटेन, हिंदू मंदिर नेटवर्क यूके, नेशनल काउंसिल ऑफ हिंदू टेम्पल्स और इस्कॉन यूके शामिल हैं।

### ब्रिटेन में हिंदुओं की बड़ी आबादी

ब्रिटेन में दस लाख से अधिक हिंदू हैं। 2021 की जनगणना के अनुसार इंग्लैंड और वेल्स में हिंदुओं की संख्या 1,032775 है। यह कुल जनसंख्या का 1.7 प्रतिशत है। हिंदू ब्रिटेन का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। यह ईसाई और मुस्लिम धर्म के बाद तीसरे स्थान पर आता है। जनगणना के अनुसार के मुताबिक ज्यादातर हिंदू ग्रेटर लंदन और साउथ ईस्ट में रहते हैं। यूनाइटेड किंगडम के तीन अन्य देशों में 50,000 से भी कम हिंदू आबादी है। 19वीं शताब्दी की शुरुआत से ही हिंदू यूनाइटेड किंगडम में बसने लगे थे।

### 'हिंदू घोषणा पत्र' की प्रमुख मांगें

हिंदू विरोधी नफरत को धार्मिक घृणा अपराध के रूप में मान्यता देना और इसमें शामिल लोगों को दंडित करना। हिंदू पूजा स्थलों और मंदिरों की सुरक्षा करना। हिंदू आस्था विद्यालयों की स्थापना करके और पाठ्यक्रम बनाने में समुदाय के 'विशेषज्ञों' को शामिल करके 'निष्पक्ष शिक्षा' तक पहुंच बनाना। राजनीतिक दलों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में हिंदुओं का अधिक प्रतिनिधित्व।

### 'यह बदलाव का समय है'

अपनी वेबसाइट पर एक बयान में 'हिंदू फॉर डेमोक्रेसी' ने कहा कि भले ही ब्रिटेन में हिंदुओं की संख्या दस लाख से अधिक है और वे महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में उनका प्रतिनिधित्व कम है। "हमें राजनीति के महत्व को पहचानना होगा, भले ही इसे अक्सर हमारे समुदाय में वर्जित विशय माना जाता है। यह बदलाव का समय है।

---

### भतीजे आदित्य और मुंबई की सीटों पर भी नजर

# राज ठाकरे ने बढ़ाई भाजपा की टेंशन विधानसभा चुनावों में मांगी 20 सीटें



एजेंसी ▶▶| मुंबई

लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने वाले राज ठाकरे ने अब आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी लंबी-चौड़ी मांग भाजपा के सामने रख दी है। इंडिया टुडे के सूत्रों के मुताबिक राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में भाजपा से 20 सीटों की मांग की है। इतना ही नहीं राज ठाकरे ने भतीजे आदित्य ठाकरे की विधानसभा सीट भी मांगी है, ताकि वहां से एमएनएस कैंडिडेट खड़ा किया जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि एमएनएस द्वारा जिन सीटों पर दावा किया गया है उनमें अधिकांश सीटें मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र की विधानसभा सीटें हैं।

### 2006 में बनाई थी नवनिर्माण सेना

बता दें कि राज ठाकरे ने साल 2006 में अविभाजित शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की स्थापना की थी। भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य साधने के लिए हालिया लोकसभा चुनावों में राज ठाकरे के साथ गठबंधन किया था लेकिन राज ठाकरे की पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने सिर्फ 9 सीटें जीती हैं, जबकि सहयोगी शिवसेना (शिंदे गुट) ने सात और अजित पवार की एनसीपी ने सिर्फ एक सीट पर ही जीत दर्ज की है। भाजपा की सीटें 23 से घटकर 9 हो गई हैं। उधर विपक्षी इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस ने 13, उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने 9 और शरद पवार की एनसीपी ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की है।

बिलासपुर, गुरुवार 13 जून 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी | वर्ष : 24, अंक : 81 | पृष्ठ : 12+6 = 18, मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## ग्राउंड रिपोर्ट- 4, बिलासपुर संभाग

खतरा उठाकर पढ़ना होगा मजबूरी



बिलासपुर-मोहन सिंह/ मुंगेली- जयकुमार ताम्रकार/ तखतपुर- टेकचंद कारड़ा की विशेष रिपोर्ट

नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने को है। बच्चे लंबी छुट्टी के बाद नए उत्साह और उमंग के साथ स्कूल जाने को उत्सुक है। पालक भी बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी में जुट गए हैं, लेकिन बिलासपुर संभाग में कई ऐसे स्कूल भवन हैं जिन्हें देखकर ही डर लगने लगा है। अभिभावक बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आने लगे हैं। कई स्कूल भवन जर्जर हैं। छतों से प्लास्टर उखड़ रहा है। कई स्कूलों की छतों पर लगे टीन के शेड आंधी में उड़ चुके हैं। बिलासपुर जिले में 761 स्कूल जर्जर हैं वहीं मुंगेली जिले में भी 36 स्कूलों की मरम्मत अब तक नहीं हो सकी है। ऐसे में बच्चों के भविष्य को लेकर पालक व शिक्षक चिंतित हैं।

# इस सत्र भी बच्चों के उत्साह पर फिर पानी फेरेगी टूटी-फूटी स्कूल की छत


### बिलासपुर जिले के 761 स्कूल जर्जर, 113 तोड़ने लायक, कभी भी गिर सकती है छत

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

**बिलासपुर।** जिले के 761 स्कूलों की हालत काफी जर्जर है। इन्हीं खतरों के बीच पढ़ने के लिए बच्चों को बिठाया जाएगा। स्थिति ये है कि कभी भी छत गिर सकती है। अब 16 जून से नए शिक्षण सत्र की शुरुआत होने वाली है। इसके बाद भी अब तक इन स्कूलों की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिला शिक्षा विभाग ने हाल ही में शासन को 761 जर्जर स्कूल की जानकारी भेजकर सुधार के लिए फंड की मांग की है। सर्वाधिक 225 जर्जर स्कूल तखतपुर ब्लॉक में है। इसके साथ ही मस्तूरी में 189, बिल्हा में 218 और कोटा ब्लॉक में 129 जर्जर स्कूल हैं। पिछले शिक्षण सत्र में जिले के 27 स्कूलों में छत का प्लास्टर गिरा था। इसमें 4 बच्चे सहित 2 शिक्षकों को चोट आई थी। यही वजह रही कि कई स्कूलों में बच्चों ▶▶| शेष पेज 8 पर

### स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 15 की स्वीकृति, मिले सिर्फ 10 करोड़

**मुंगेली।** नया सत्र प्रारंभ होने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं और विभागीय लापरवाही के चलते कई स्कूलों की



मरम्मत एवं सुधार का कार्य अब तक नहीं हो पाया है। बच्चों को इस सत्र में भी जर्जर स्कूलों में ही खतरों से खेलते हुए भविष्य गढ़ना पड़ेगा। जिले में स्कूलों की मरम्मत के लिए 579 स्कूलों को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृति के लिए भेजा गया था। जिसमें से समग्र शिक्षा एवं शिक्षा विभाग से 542 स्कूलों ▶▶| शेष पेज 8 पर

#### मंगाई गई है रिपोर्ट

जर्जर स्कूलों की मरम्मत का काम आरईएस द्वारा कराया जा रहा है। वहीं से रिपेयरिंग की जानकारी दी जाती है। स्कूल के प्राचार्य एवं संबंधित संकुल तथा बीईओ से अलग-अलग स्कूल में किए गए मरम्मत कार्यों की रिपोर्ट मंगाई जा रही है।

-सीके धृतलहरे, डीईओ मुंगेली

### बच्चों के भविष्य को लेकर पालक व शिक्षक चिंतित



**तखतपुर।** नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने वाली है और बच्चे फिर से वहीं खंडहरनुमा विद्यालय भवन में बैठकर पढ़ाई करेंगे। उस भवन की सुध लेने वाला कोई नहीं है। विकासखण्ड प्राथमिक शाला विचारपुर के भवन की छत पूरी तरह उखड़ गई है। यदि हल्की सी भी बारिश हुई तो वहां पर बैठना तो दूर खड़ा होना भी मुश्किल है। पालकों को अब यहीं चिंता है कि स्कूल खुलते ही उनके बच्चों की पढ़ाई ▶▶| शेष पेज 8 पर

#### पूमाशा ढनढन के भवन की छत उड़ी

ढनढन के पूर्व माध्यमिक शाला भवन की छत भी आंधी से उड़ गई है। बीते दिवस आई आंधी से छत पर लगा टीन का शेड उखड़ गया है। यहां भी बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। यह शाला भवन बीच मैदान में है यहां इस भवन के अलावा अन्य कोई दूसरी व्यवस्था नहीं है। यहां भी बच्चों के साथ साथ पालक चिंतित हैं कि छठवीं से आठवीं कक्षा की पढ़ाई स्कूल खुलते ही कैसे इस भवन में होगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हज के लिए मक्का पहुंचे 15 लाख विदेशी

**मक्का।** हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। मंगलवार



तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं। इनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे हैं। हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

### फर्जी लूट केस तीन गिरफ्तार, 38 लाख बरामद

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने 38.50 लाख रुपये की कथित लूट के मामले में तीन लोगों



को गिरफ्तार किया। थाना फेज- दो पुलिस को सूचना मिली की सेक्टर 136 के निकट दो बदमाशों ने बाइक सवार अशोक और सुनील पांडे की मोटरसाइकिल को रोककर उनसे पैसों से भरा बैग लूट लिया। बैग में करीब 38.50 लाख रुपये थे।

### दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में बुधवार तड़के छत पर सो रहे कुछ लोगों पर पड़ोस के मकान की



जर्जर दीवार गिर गई। इसके नीचे दबकर तीन बच्चों की मौत हो गई और दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। भगवानपुर माफी गांव में रहने वाले रहीस अपनी पत्नी, बच्चों और 10 वर्षीय भांजे इमरान के साथ मंगलवार रात मकान की छत पर सो रहा था।

### कुएं में गिरी तीन लड़कियां डूबीं

**गोधरा।** गुजरात के पंचमहल जिले के सिमालिया गांव में स्थित एक कुएं में गिरने से पांच साल



की एक बच्ची समेत तीन लड़कियां डूब गईं। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार को हुई। जिले के घोघंबा तालुका के एक ही गांव में रहने वाली तीन लड़कियां जंगल में मवेशी चराने के लिए एक साथ गई थीं।

### रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया सहायक इंजीनियर

**मेदिनीनगर।** झारखंड में एसीबी की पलामू इकाई ने बुधवार को एक सहायक इंजीनियर को रिश्वत लेते हुए



रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी गढ़वा जिले के चिनिया ब्लॉक में एक सहायक अभियंता-सह-प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी है। आरोपी अनुज कुमार रवि (28) को एसीबी अधिकारियों ने एक भुगतान को मंजूरी देने के लिए 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### ओडिशा और आंध्रप्रदेश में नई सरकार का शपथ ग्रहण, पीएम मोदी समेत कई नेता हुए शामिल

# 24 साल बाद बदला ओडिशा सरकार का चेहरा सीएम मोहन माझी के साथ दो डिप्टी सीएम भी

*ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। इधर, आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बन गई है। तेलगु देशम पार्टी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। इस मौके पर पीएम मोदी समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।*

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

खास खबर

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा ▶▶| शेष पेज8 पर



**खास बातें**

- मुख्यमंत्री के साथ, उप मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी ली शपथ
- कई केंद्री मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता समारोह में हुए शामिल



#### तीन सीएम और गडकरी से मिले विष्णुदेव

*शपथ ग्रहण के बाद भुवनेश्वर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, मप्र के सीएम मोहन यादव, असम के सीएम हिमंत बिस्व शर्मा के साथ आत्मीय मुलाकात की।*

#### 24 साल बाद भाजपा को जनादेश

भाजपा को पहली बार ओडिशा में स्पष्ट जनादेश मिला जिससे बीजू जनता दल (बीजद) का 24 साल पुराना शासन खत्म हो गया। राज्य की 147 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा 78 सीट हासिल करके सत्ता में आई, जबकि पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद को 51, कांग्रेस को 14, माकपा को एक सीट मिली तथा तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे।

### चंद्रबाबू की चौथी पारी, पीएम मोदी ने गले लगाया और पीठ थपथपाई



तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू का आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने शपथ दिलाई। शपथ के बाद चंद्रबाबू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई।

#### कैबिनेट में नायडू के बेटे को भी जगह

चंद्रबाबू नायडू की कैबिनेट में उनके बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश, प्रदेश अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू और जनसेना पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नादेंडला मनोहर शामिल हैं। टीडीपी के मंत्रियों में 17 नए चेहरे हैं। बाकी 3 पहले भी मंत्री रह चुके हैं।

# भारत की हैट्रिक जीत, सुपर-8 में बनाई जगह

18.2 ओवर में चेस किया रन | 111 रन का था टारगेट




**न्यूयार्क।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने अमेरिका को टी20 विश्व कप 2024 के 25वें मुकाबले में 7 विकेट से हराया। इस मैच में जीत हासिल भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के लिए जगह पक्की कर ली। अमेरिका के खिलाफ खेले गए मैच में गेंद से अर्शदीप सिंह चमके, तो बल्ले से सूर्यकुमार यादव ने महफिल लूटी। सूर्यकुमार यादव ने मुश्किल समय में टीम की पारी को संभाला और शिवम दुबे के साथ मिलकर मैच विनिंग साझेदारी की।

#### अर्शदीप बने मैच के हीरो

भारतीय टीम की तरफ से युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुरुआती ओवर से ही शानदार गेंदबाजी की और अमेरिका को पहले ही ओवर में दोहरा झटका दिया। अर्शदीप सिंह ने अपने स्पेल के 4 ओवर में 9 रन खर्च करते हुए 4 विकेट लिए और अमेरिका को गहरे जख्म दिए। उनके अलावा हार्दिक पांड्या ने 4 ओवर में 2 विकेट झटके। इस तरह अमेरिका की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी।

### तालाब में नहाने के दौरान डूबने से हुई मौत

# एक ही परिवार की दो किशोरी की जलसमाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र के बनियागांव में एक ही परिवार की बुआ- भांजी की नहाने के दौरान पानी में डूबने से मौत हो गई। छोटी को डूबते देख बड़ी बचाने गई इसी दौरान दोनों पानी की गहराई में चले गए, जिससे मौत हो गई। भानपुरी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



#### रिश्ते में दोनों थीं बुआ-भांजी

घटना की जानकारी लगते ही बनियागांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची भानपुरी पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई व पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों रिश्ते में बुआ व भाजीं लगती है। प्रियंका 11 कक्षा की छात्रा बताई जा रही है। गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

# 2.70 लाख कीमती 'खास' आम






***रायपुर।*** *इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव की शुरुआत बुधवार से हुई।यहां सबकी नजरें जिस पर ठहर रही है, वह 2 लाख 70 हजार रुपए कीमती मियाजाकी आम है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में उत्पादित यह आम मूलरूप से जापानी है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत प्रति किलो 2 लाख 70 हजार रुपए है। भारत में इसकी कीमत 27 हजार रुपए है।*

### 60 घंटे में कश्मीर में तीन आतंकी हमले

# सेना की जांच चौकी पर आतंकी हमला, एक जवान शहीद

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा और कठुआ जिलों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान शहीद हो गया और छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पिछले तीन दिनों से जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों ने सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। महज 60 घंटों के भीतर जम्मू के इलाके में एक के बाद एक आतंकी हमले हुए। पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

- जम्मू-कश्मीर दो मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी घायल



**पहला हमला**
*तारीख: 9 जून, शाम करीब 6:15 बजे*
*जगह- जम्मू का रियासी इलाका*

**दूसरा हमला**
*तारीख: 11 जून, रात करीब 8 बजे*
*जगह: जम्मू का कठुआ इलाका*

**तीसरा हमला**
*तारीख: 11 जून, समय रात करीब 1 से 2 बजे*
*जगह: जम्मू का डोडा इलाका*

#### घुसपैठ कर आए और गांव में मांगा पानी

*जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने कठुआ के सैदा सुखल गांव में अभियान के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा, दो आतंकवादी जो हाल में सीमा पार से घुसपैठ करके आए थे। रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए और एक घर से पानी मांगा। लोग डर गए और जैसे ही सूचना मिली एक पुलिस दल तुरंत गांव में पहुंचा।*

### भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया चौंकाने वाला अलर्ट

# सात दिनों तक 14 राज्यों में होगी मूसलाधार बारिश!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रचंड गर्मी के बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने खुशखबरी दी है। आईएमडी के मुताबिक अगले 7 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर के कुछ राज्य जैसे अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज़ हवाओं के साथ हल्की से भारी बारिश होने की संभावना है। भारतीय के मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि अगले 5 दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, नागालैंड और मेघालय में जबरदस्त बारिश होगी।

- अगले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ से आगे बढ़ेगा मानूसन



#### औसत से अच्छी बारिश होने की संभावना

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 13 जून को मौसम के आगे बढ़ने की संभावना है। इस बार औसत से अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इस साल 104 से 106 फीसदी बारिश होने की संभावना है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में मानसून 23 जून को पहुंचा था, जिसकी वजह से बारिश उम्मीद से भी कम हुई थी।

#### छत्तीसगढ़ में चलेगी तेज हवा, होगी बारिश

आईएमडी ने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और हल्की से मध्यम बारिश होगी। अगले 5 दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और राजस्थान में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में बारिश होगी, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। इसके साथ ही कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, माहे और लक्षद्वीप में 2 दिनों के दौरान हवाओं के साथ बारिश होगी।

#### बारिश से भूस्खलन दो की मौत

*महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मालशेज घाट पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन के बाद ऑटो-रिक्शा पर बड़ा पत्थर गिरने से एक व्यक्ति और एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल बताई जा रहा है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना कल्याण-अहमदनगर राजमार्ग पर मंगलवार शाम को हुई, जिसके बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।*

Gyanveer University
Sagar (M.P.)
Approved by UGC, MPPURC, PCI, BCI
Pharmacy D.Pharm/B.Pharm | Management BBA/MBA | Agriculture B.Sc/M.Sc.
Engineering B.Tech/ M.Tech | LAW BALLB/ LLB/ LLM
• BA/B.Com/B.Sc./MA/M.Com/M.Sc./BSW/MSW/BPA/MPA/BFA/MFA
• B.Music/B.Dance/M.Music/M.Dance/B.Lib/M.Lib/BAJMC/MAJMC
• BPES/MPES/B.P.Ed./BCA/MCA
Contact : 8889374706, 9770522117
University City Office : Rajghat Road, Tili, Sagar (M.P.) 07582-226306

12- JUNE- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 6/12/2024 9:55 PM Page 1



## चिंतन

# खालिस्तान समर्थक देशों से दो टूक बात करनी होगी


देश में नब्बे के दशक के बाद से खालिस्तान आंदोलन लगभग खत्म हो चुका था, लेकिन कनाडा और ब्रिटेन से रह रहकर ऐसी आवाजें आती रहीं। देश में भी बीते पांच सालों के दौरान ऐसी ही चिंगारी को हवा देने की कोशिश हो रही है। इसमें घी का काम किया लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से अमृतपाल सिंह की जीत ने। असम की जेल में बंद अमृतपाल सिंह का सांसद बनना बताता है कि खालिस्तान आंदोलन पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। असल में 1947 में आजादी मिलने के बाद भारत और पाकिस्तान दो देश बने। इसी के साथ पंजाब सूबे का बंटवारा हुआ जिसका बड़ा भाग पाकिस्तान के पास चला गया और कुछ हिस्सा हमारे पास बचा। लाहौर, जो कभी सिख साम्राज्य की राजधानी था वो पाकिस्तान में चला गया। इसके बाद पंजाबी भाषी लोगों के लिए एक अलग राज्य की मांग की शुरुआत पंजाबी सूबा आंदोलन से हुई थी। यह पहला मौका था जब पंजाब को भाषा के आधार पर अलग दिखाने की कोशिश हुई थी। अलग पंजाब के लिए जबरदस्त प्रदर्शन शुरू हुए और अंत में 1966 में ये मांग मान ली गई। भाषा के आधार पर पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की स्थापना हुई। उसी दौर में 'खालिस्तान' के तौर पर स्वायत्त राज्य की मांग उठाई गई जिन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने खारिज कर दिया। खालिस्तान की मांग ने 1970 के दशक में जोर पकड़ना शुरू कर दिया। 1980-1984 के बीच पंजाब में हिंसा की घटनाओं में भारी उछाल आया। 1983 में भिंडरावाला ने स्वर्ण मंदिर को अपना ठिकाना बना लिया। तब भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' को अंजाम दिया और उसके बाद पंजाब में मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की अगुवाई में पूरे आंदोलन को लगभग खत्म कर दिया गया। 1990 के दशक में भारत में तो यह खत्म हो गया, लेकिन कनाडा में जीवित रहा। इसके चलते रह रहकर भारत और कनाडा सरकार के बीच तनाव भी होता रहा। अब एक बार फिर इस आंदोलन को अंदर ही अंदर सुलगाने की कोशिशें हो रही है। अब नया मामला इटली में सामने आया है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले खालिस्तान समर्थकों ने महात्मा गांधी की मूर्ति को तोड़ दिया और उसके नीचे हरदीप सिंह निज्जर का नाम भी लिख दिया। निज्जर की बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। इटली में 13 से 15 जून तक जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। पीएम मोदी जी7 बैठक में शामिल होने के लिए आज रवाना होंगे। पीएम मोदी, इटली पीएम जियोर्जिया मेलोनी के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के अलावा कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहेंगे। ऐसे मौके पर खालिस्तान समर्थकों का मूर्ति को तोड़ देना कायरता के अलावा कुछ भी नहीं। इससे पहले आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारतीय दूतावासों, प्रवासियों और मंदिरों पर घृणा से प्रेरित हमलों और अपराधों का सिलसिला साफ दर्शाता है कि एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का लक्ष्य पंजाब में अलगाववादी ताकतों को पुनर्जीवित करना है। पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग लगाने की चेष्टा हो रही है। समस्या केवल यह नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को उदार पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी करने में लगी हैं। इस पूरे फसाद की जड़ वही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई है, जो दशकों से विदेशी धरती पर खालिस्तान समर्थकों को तैयार करने में सक्रिय रही है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़ा विदेशी षड्यंत्र का है। इसे समय रहते ही कुचलना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो न केवल एक बार फिर पंजाब में कानून एवं व्यवस्था का प्रश्न खड़ा होगा बल्कि देश की एकता व अखंडता पर भी आंच आएगी। पश्चिमी देशों में रचे जा रहे इस भारत विरोधी प्रपंच से सख्ती से निपटा जाना समय की मांग भी है। हमें ऐसे देशों से दो टूक बात करने होगी जो हमारे दुश्मनों के सहायक बने हुए हैं। इन्हें बताना होगा कि ऐसे तत्वों को शरण देना बंद नहीं किया तो भारत क्या कर सकता है। आज हम दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। अगर ऐसे देशद्रोहियों न कुचला तो विकसित भारत का संकल्प अधूरा रह जाएगा।

## विडंबना
शिशिर शुक्ला



# कब रुकेगी परीक्षाओं में धांधली

हाल ही में आयोजित हुई नीट परीक्षा विवादों के घेरे में है। देश के 571 शहरों के 4750 परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी का आयोजन विगत 5 मई को किया गया था। परीक्षा का परिणाम 4 जून को घोषित किया गया। परिणाम आने के बाद परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए यह तर्क दिया गया कि परिणाम में 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720 में से पूरे पूरे 720 अंक प्राप्त हुए हैं। खास बात तो यह है कि इसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यर्थी शामिल हैं। एनटीए के द्वारा परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता का खंडन करते हुए कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों में समय जाया होने के कारण हुई परीक्षा में देरी के कारण 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने के कारण अप्रत्याशित परिणाम आया है। एनटीए का यह भी कहना है कि




परीक्षार्थियों को कृपांक परीक्षा के नियमों के अनुसार ही दिया गया है। सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्न पत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्न पत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए। क्यों परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं पुख्ता नहीं थीं। यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर कर दी जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिह्नों के घेरे में खड़ा कर देता है। महज प्रश्न पत्र गलत वितरित हो जाने की वजह से हुई परीक्षा में देरी के आधार पर परीक्षार्थियों को कृपांक दे दिया जाना अनुचित है क्योंकि इसका सीधा-सीधा नकारात्मक प्रभाव उन अभ्यर्थियों पर पड़ रहा है जो कि इस दायरे से बाहर थे। इस बात की क्या गारंटी है कि समय कम मिलने की वजह से उन 1563 अभ्यर्थियों के जो प्रश्न छूट गए थे, पूरा समय मिल जाने पर वे उन प्रश्नों को बिल्कुल ठीक-ठीक हल कर लेते। क्या इन स्थितियों के लिए पूर्णतया परीक्षा केंद्र उत्तरदायी नहीं हैं। आखिरकार ऐसे केंद्रों के हवाले परीक्षा कर देने से पहले किस स्तर पर आकलन एवं परीक्षण किया गया था। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती है, उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निर्यात बढ़ाने की चुनौती



नई सरकार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के सामने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में घटते व्यापार के बीच भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नई सरकार के द्वारा पड़ोसी देशों सहित दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देनी होंगी। वस्तुतः इस समय वैश्विक सुस्ती के बीच दुनिया में केवल उन देशों के विदेश व्यापार को ग्राफ बढ़ रहा है, जहां मजबूत सरकारों ने विदेश व्यापार की चुनौतियों के बीच अपने देश के अनुकूल विदेश व्यापार बढ़ाने के कदम उठाए हैं। नई गठबंधन सरकार को रणनीतिक प्रयास करते रहने होंगे।**

यकीनन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के सामने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में घटते व्यापार के बीच भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नई सरकार के द्वारा पड़ोसी देशों सहित दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देनी होंगी। वस्तुतः इस समय वैश्विक सुस्ती के बीच दुनिया में केवल उन देशों के विदेश व्यापार का ग्राफ बढ़ रहा है, जहां मजबूत सरकारों ने विदेश व्यापार की चुनौतियों के बीच अपने देश के अनुकूल विदेश व्यापार बढ़ाने के रणनीतिक कदम उठाए हैं। नई गठबंधन सरकार को ऐसे देशों की तरह लगातार रणनीतिक प्रयास करते रहने होंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार ने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंधों और बेहतर व्यापार की नई संभावनाओं का पहला कदम 9 जून को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के शीर्ष सात नेताओं को ससम्मान शामिल करके आगे बढ़ा दिया है। इन देशों में बांग्लादेश, श्रीलंका,नेपाल, मालदीव, सेशेल्स,भूटान तथा मॉरीशस शामिल हैं। निःसंदेह पिछले एक दशक में भारत ने पड़ोसी देशों के साथ कारोबार बढ़ाने के लिए पड़ोसी प्रथम नीति (नेबरहुड फर्स्ट), दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों (आसियान) के साथ एक्ट ईस्ट नीति और प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की रणनीति सहित नई विदेश व्यापार नीति 2023 लागू की है। जिसके बेहतर परिणाम मिले हैं।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार को विदेश व्यापार की इन विभिन्न रणनीतियों को बदलते हुए वैश्विक व्यापार के नए दौर के अनुरूप सुधारों के साथ आगे बढ़ाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत के विदेश व्यापार में लगातार वृद्धि के साथ निर्यात की ऊंचाइयां भी बढ़ती गई है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। जहां पिछले वित्त वर्ष में कुल आयात 854.80 अरब डॉलर का रहा, वहीं वर्ष 22-23 में कुल आयात 898 अरब डॉलर मूल्य का रहा था। ऐसे में पिछले वित्त वर्ष में आयात में कमी से कुल व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि देश की प्रभावी सरकार के दम पर ही पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भी भारत ने रूस से डिस्काउंट पर कच्चे तेल का आयात करना जारी रखा और कच्चे तेल की रणनीतिक खरीदी से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 5 अरब डॉलर और 2023-24 में करीब 8 अरब डॉलर की बड़ी बचत की। अब नई गठबंधन सरकार को इस बात पर ध्यान देना होगा कि विदेश व्यापार मोर्चे पर पिछले कई वर्षों से डब्ल्यूटीओ द्वारा प्रभावी भूमिका नहीं निभाए जाने से अपने विदेश व्यापार को बढ़ाने के कई अन्य कदम तेजी से आगे बढ़ाए जाने होंगे। गौरतलब है कि डब्ल्यूटीओ की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को की गई थी। इसे दूसरे विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद एक परिवर्तनकारी वैश्विक आर्थिक-



व्यापार सुधार कहा गया था। वस्तुतः डब्ल्यूटीओ क तहत जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स ऐंड ट्रेड (जीएटीटी) का विस्तार करते हुए सेवाओं और बौद्धिक संपदा को व्यापार में शामिल कर दिया गया था। गरीब और विकासशील देशों को यह विश्वास बना था कि उन्हें डब्ल्यूटीओ की छतरी के नीचे विकास के अच्छे मौके मिलेंगे, लेकिन बहुपक्षीय समझौतों पर प्रगति नहीं होने से डब्ल्यूटीओ के देशों में लगातार हताशा बढ़ी है और वैश्विक व्यापार में धीमापन आने लगा है। ऐसे में भारत के लिए विदेश व्यापार बढ़ाने के प्रयासों को तेजी से बढ़ाना जरूरी है।

यद्यपि पाकिस्तान के रवैये ने दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) को दक्षिण एशिया में आंतरिक क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने से रोक दिया है, मगर भारत ने द्विपक्षीय व्यापार संधियों और समझौतों से छोटी अर्थव्यवस्थाओं के साथ विदेश व्यापार और निर्यात रणनीति को सकारात्मक विकल्प दिए हैं। इसके अलावा भारत ने अपनी तरफ से दक्षिण एशिया सहित सबसे कम विकसित देशों को एकतरफा शुल्क मुक्त एवं शुल्क तरजीह योजना की पेशकश की है। भारत-आसियान व्यापार भी बढ़कर वर्ष 2022-23 में 131.58 अरब डॉलर हो गया है। ऐसे में अब नई गठबंधन सरकार को आसियान देशों में निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। उल्लेखनीय है कि जहां एक ओर 15 नवंबर, 2020 को अस्तित्व में आये दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड समझौतें रीजनल कांप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसेप) में भारत ने अपने आर्थिक व कारोबारी हितों के मद्देनजर शामिल होना उचित नहीं समझा वहीं आरसेप से दूरी के बाद भारत एफटीए की डगर पर आगे बढ़ने की नई सोच के साथ आगे बढ़ा है। इस समय भारत विदेश व्यापार नीति को नया मोड़ देते हुए दुनिया के प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत ने अब तक तीन एफटीए किए हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मई 2022 में लागू द्विपक्षीय कारोबार में पिछले दो वर्षों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

अब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कई विकसित और विकासशील देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों की नई संभावनाएं उभर कर दिखाई दे रही हैं। दुनिया के जी-20 देशों में भारत की नई अहमियत और दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और मजबूत सरकार के रूप में भारत की पहचान भारत के विकास को तेज रफ्तार दे रही है। ये सारी बातें भारत के लिए नए एफटीए की नई संभावनाओं की बड़ी आधार हैं। निश्चित रूप से 2024 में जब वैश्विक व्यापार में आर्थिक निराशाओं का दौर बढ़ रहा है, तब भारत को प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में अपने रिकॉर्ड विदेश व्यापार और रिकॉर्ड निर्यात का स्तर बनाए रखने के लिए कुछ और रणनीतिक कदम उठाने होंगे। भारत के लिए पड़ोसी देशों, आसियान देशों के साथ विदेश व्यापार बढ़ाने के साथ निर्यात पक्ष को पूरी तरह ध्यान से रखते हुए मुक्त व्यापार समझौतों पर अधिक यकीन करना होगा। भारत के द्वारा ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा। नई गठबंधन सरकार के द्वारा निर्यात की बढ़ती हुई वैश्विक संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा। नई सरकार चाहिए कि पिछले वर्ष जी-20 में जिस 55 देशों वाले अफ्रीकी संगठन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाई जाने में भारत के द्वारा अहम भूमिका निभाई गई है, उन देशों में निर्यात बढ़ाने होंगे।

हम उम्मीद करें कि नई गठबंधन सरकार रणनीतिक प्रयासों से वैश्विक व्यापार और निर्यात चुनौतियों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से देश को बचाते हुए वर्ष 2030 तक 2 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
## दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।


# भक्ति करने का मतलब ये नहीं कि दुख नहीं आएंगे



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बाल श्रम का कलंक कैसे मिटेगा?

12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाएगा। बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों से बचाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। कोई भी गरीब माता-पिता नहीं चाहता होगा कि उनके बच्चे छोटी उम्र में दिहाड़ी मजदूरी करें, लेकिन मजबूरी मजदूरी करवाने के लिए विवश कर देती है। जिनके बाप गलत आदतों के शिकार हैं, वे अपने छोटे-छोटे बच्चों को मजदूरी करने के लिए मजबूर भी करते होंगे। बहुत ही अफसोस और शर्मनाक है कि आज आजाद भारत में छोटे छोटे बाल गरीबी के कारण मजदूरी करने को विवश हैं। आज भारत की बच्चों के कुपोषण के मामले में स्थिति कोई खास अच्छी नहीं है। गरीब लोग भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए सुनहरी सपने देखते हैं, लेकिन गरीबी के कारण कुछ लोगों के सपने चकनाचूर हो जाते हैं।

*- मोहित पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बाल श्रम के खाते को प्रतिबद्ध



विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर, आइए बाल श्रम को समाप्त करने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें जहां हर बच्चा अपने बचपन का आनंद ले सके। हम बाल श्रम को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### बाल श्रम



भले ही आज हम बालश्रम के खिलाफ विश्व दिवस मनाते हैं, लेकिन जो बात परेशान करती है वह यह है कि हमने बच्चों को विफल कर दिया है। उचित धन, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कानून प्रवर्तन उपायों की तत्काल आवश्यकता है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### मेरे भगवान गरीब लोग



भारत के लोगों ने कहा है-प्यार ने नफरत को हरा दिया है। मोदी जी के पास अजीब "परमात्मा" है जो उन्हें अडानी-अंबानी के पक्ष में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन करता है। मैं एक 'जैविक' इंसान हूं। मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं। मैं वही करता हूं जो आप मुझे कहते हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा



इस देश के करोड़ों मां बाप दिन रात मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाते है, बच्चे पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं, मगर देश की सरकार इनका दर्द समझने को तैयार नहीं है। पेपर लीक के कारण करोड़ों बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा है।

-संजय सिंह, आप सांसद

## करंट अफेयर

# नोबल विजेता यूनुस व अन्य पर गबन के आरोप तय



बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को 'परेशान' कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी 'ग्रामीण टेलीकॉम' पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर 'ग्रामीण टेलीकॉम' के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। 'ग्रामीण टेलीकॉम' देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी 'ग्रामीणफोन' की 34.2 प्रतिशत हिस्सेदार है।

## ऑफ बीट

# हरियाली देखने भर से ठीक होता है मानसिक स्वास्थ्य



यह तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है कि प्रकृति में समय बिताने से हमारे मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली को फायदा हो सकता है। लेकिन मेरे सहकर्मियों और मेरे द्वारा किए गए एक नए अध्ययन से पता चलता है कि यह लाभ हासिल करने के लिए आपको वास्तव में प्रकृति में रहने की ज़रूरत नहीं है। किसी शहर के मध्य में भी, केवल प्राकृतिक तत्वों की ओर अपना ध्यान केंद्रित करने से भी खुशहाली बढ़ सकती है। शहरी जीवन, अपनी तेज़ गति और तनाव के उच्च स्तर के साथ, चिंता और अवसाद सहित कई मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। प्रतिभागियों को बेतरतीब ढंग से तीन समूहों में बांटा गया : एक जो पेड़ों (हरा समूह) जैसे प्राकृतिक तत्वों पर केंद्रित था, एक जो इमारतों (ग्रे समूह) जैसे मानव निर्मित तत्वों पर केंद्रित था और तीसरा समूह जो दोनों के मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करता था। शहर और परिसर में 45 मिनट की गाइडेड वॉक के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने विशेष आई-ट्रैकिंग चश्मा पहना था। मार्ग में समूह के आधार पर प्राकृतिक या मानव निर्मित तत्वों पर जोर देने के लिए डिज़ाइन किए गए दस निर्दिष्ट ठहराव शामिल थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI ARENA
नई
EECO
हर सफर
बने ख़ास
लाज़वाब माइलेज
PETROL** 19.71 km/l
CNG** 26.78 km/kg
1.2L एडवांस्ड K सीरिज़
ड्युअल जेट, ड्युअल VVT इंजन
डिजिटल इंस्ट्रूमेंटल क्लस्टर
इंजन इमोबिलाइज़र
11 सेफ्टी फीचर्स,
ड्युअल एयरबैग्स के साथ
UP TO 100% ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
EECO ₹28100* तक की बचत
EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership.
एम स्क्वायर मोटर्स
बिलासपुर: ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा
62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्रा: 6262622509.
अकलतरा: 6262622512. घरघोड़ा: 62690 02112/62626 22511.
सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
बिलासपुर: पुराना बस स्टैण्ड,70898 88881. मुंगेली: 95222 00991. कोरबा: 70898 88882.
जांजगीर: 95222 00990. कटघोरा: 76939 41111. सक्ति: 95222 00997 रायगढ़: 70898 88883.
सारगंढ़: 95222 00993. खरसिया: 95222 00994. शिवरीनारायण: 7692031111.
महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.
अम्बिकापुर: 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़: 9516609622.
बैकुंठपुर: 9516609608. पत्थलगांव: 9516609616. सूरजपुर: 9516609607.
*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. **Fuel efficiency as certified by test agency under Rule 115 of CMVR 1989.
For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner's Manual. All Loans & schemes are under the sole discretion of the Finance Partner.

12- JUNE- COR- MAIN- Pg- 6 SEHAT_Layout 1 6/12/2024 9:20 PM Page 1



फिटनेस फंडा / यश पंडित

## मेरी हेल्थ-फिटनेस का सीक्रेट न्यूट्रिशस डाइट-वॉकिंग-अच्छी नींद



कई फिल्मों और हिट टीवी शोज में नजर आ चुके, यश पंडित हाल में ही सोनी सब टीवी के शो 'आंगन अपनों का' में राकेश की भूमिका में दिखे थे। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं यश पंडित।

हम सभी को अपनी हेल्थ का बहुत ख्याल रखना चाहिए। कहते भी हैं-हेल्थ इज़ वेल्थ। मैं अपने फैंस से यही कहूंगा कि हेल्थ-फिटनेस को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### मेरा फिटनेस सीक्रेट

न्यूट्रिशस डाइट, तेज गति से वॉक, खूब पानी पीना और अच्छी नींद लेना। ये चार मेरे फिटनेस सीक्रेट्स हैं। इन चारों को मैं अपनी दिनचर्या में शामिल करता हूं। आप भी इन्हें शामिल करें फिर देखें आपकी हेल्थ कितनी बढ़िया हो जाएगी।

### हल्की एक्सरसाइज़

कोरोना के बाद चूंकि अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पर नेगेटिव असर पड़ा है इसलिए अब वह स्थिति नहीं रही, जब आप तीन-चार घंटे लगातार जिम में जाकर बहुत टफ वर्कआउट करें। आज के समय में हल्का वर्कआउट ही बेहतर है। अब आप शरीर को जरूरत से ज्यादा थकाते हैं तो वह झेल नहीं पाता है। ऐसी खबरें हम अकसर पढ़ते हैं या अपने आस-पास देखते हैं कि कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए गिर गया तो कोई डांस करते हुए। इसलिए शारीरिक क्षमता के अनुसार हल्की एक्सरसाइज ही करना सही है।

### डाइट का रखें ख्याल

हल्की एक्सरसाइज के साथ-साथ अपनी डाइट का पूरा ख्याल हमें रखना चाहिए। न्यूट्रिशस डाइट लें। मैं भी रेग्युलर डाइट में प्रोटीन के अलावा सब्जियों, दालों, फलों को जरूर शामिल करता हूं। ध्यान रहे आपको डेली हैवी ब्रेकफास्ट, न्यूट्रिशस लंच और डिनर लेना है। डाइट का बैलेंस होना जरूरी है।

### डिनर लेने में ना करें देरी

आजकल बहुत सारे लोग लेट नाइट डिनर करते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि हेल्थ कॉन्शस लोग शाम सात बजे तक अपना डिनर ले लेते हैं। यह बहुत अच्छी आदत है। इससे खाने को पचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और सुबह आप बहुत अच्छा फील करते हैं। जहां तक संभव होता है मैं भी डिनर जल्द ही कर लेता हूं। हालांकि जब शूटिंग चल रही होती है तब हम लोगों के लिए समय से लंच, डिनर करना और बैलेंस डाइट ले पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन जितना बेस्ट मैं कर सकता हूं, उस स्थिति में करने की कोशिश करता हूं। एक अच्छी बैलेंस डाइट लेने की पूरी कोशिश करता हूं।

### हमेशा खुश रहता हूं

मैं हमेशा खुश रहता हूं। मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए जिंदगी में यह भी बहुत जरूरी है कि आप हर स्थिति में खुश रहें, मस्त रहें और अपने काम में व्यस्त रहें।

### अच्छी नींद जरूरी

फिट रहने के लिए खूब काम करना और उसके बाद रात को अच्छी गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। अच्छी नींद, अच्छी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होती है। इसलिए कितने ही व्यस्त रहें लेकिन नींद से समझौता न करें।

### पानी खूब पीता हूं

मैं खूब पानी पीता हूं। आपसे भी कहूंगा दिन भर में जितना हो सके पानी पीजिए। नारियल पानी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ, दूध, फ्रूट जूस को भी शामिल करें। यानी, खूब लिक्विड अपनी बॉडी को दें।

### वॉकिंग है जरूरी

रोज कुछ समय वॉक पर जाएं। कोशिश करें कि जितना पैदल चल सकें चलें। सुबह की सैर या ईवनिंग वॉक जो कर सकते हैं करें। पैदल चलना बहुत अच्छा व्यायाम है, इसे अपनी रुटीन में शामिल करें। अगर हर इंसान 24 घंटे में से आधा घंटा भी तेज पैदल चले तो वह फिट रह सकता है। * **प्रस्तुतिःरेणु खंतवाल**

---

किसी रोग से ग्रस्त होने के बावजूद, अगर आप अच्छा-पॉजिटिव सोचेंगे तो न केवल अच्छा महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार होगा। इसके विपरीत नेगेटिव विचारों, चिंता या भय से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे अपना बचाव करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

# पॉजिटिव सोचें-हेल्दी रहें

हेल्थ एडवाइस/ विनीता





आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब भी घर में कोई बीमार होता है, तो परिवार के बुजुर्ग सदस्य यही कहते हैं, कोई बात नहीं चिंता न करो, दवा समय पर लेते रहो, आराम करो, जल्द ही ठीक हो जाओगे। ऐसी बातें केवल बीमार को झूठा दिलासा देने या उसका मन बहलाने के लिए नहीं कही जातीं, बल्कि इसके पीछे यह मनोवैज्ञानिक तथ्य छिपा होता है कि अच्छा और पॉजिटिव सोचने पर सब कुछ अच्छा ही होता है। दरअसल, ब्रेन ही हमारी सभी शारीरिक-मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, इसलिए जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमें अच्छा महसूस भी होता है। फिर हमारी सारी गतिविधियां भी पॉजिटिव दिशा की ओर अपने आप बढ़ने लगती हैं।

### शोध से हो चुका प्रमाणित

वर्षों पहले वैज्ञानिक अध्ययन से भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है कि पॉजिटिव सोचने वाले अधिक हेल्दी रहते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर पी. कैनेडी ने 1961 में सबसे पहले नोसेबो इफेक्ट शब्द का प्रयोग किया था। इस टर्म की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'नोसेरे' से हुई थी, जिसका अर्थ होता है-नुकसान पहुंचाना। उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति के मनोदशा पर उसके सकारात्मक विचारों का क्या असर होता है, यह जानने के लिए वैज्ञानिकों ने जब उन पर अध्ययन किया तो उन्हें पता चला कि अच्छे परिणाम के बारे में सोचकर दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की हेल्थ में तेजी से सुधार होता है। इस प्रभाव का नाम प्लेसिबो इफेक्ट दिया गया, जिसका अर्थ होता है, मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। इसी अध्ययन के अपोजिट इफेक्ट को समझने के दौरान नोसेबो इफेक्ट का प्रभाव सामने आया। इन दोनों ही तरह के अध्ययनों में कई रोचक परिणाम सामने आए। जैसे मामूली सिरदर्द होने पर वैज्ञानिकों ने लोगों को दर्द निवारक रहित टॉफी जैसी कोई सादी गोली दी, जिसे लेने के बाद लोगों ने कहा कि उन्हें आराम महसूस हो रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कोई दवा दी ही नहीं गई थी। इसी तरह कोविड काल के दौरान प्रयोग के तौर पर कुछ लोगों को यह बताकर विटामिन के कुछ ऐसे हल्के इंजेक्शन दिए गए कि उन्हें कोविड से बचाव का वैक्सीन लगाया जा रहा है। चूंकि लोगों को पहले से इसके साइड इफेक्ट के बारे में मालूम था, इसलिए उन्हें सिरदर्द, नॉजिया और बुखार का भ्रम होने लगा। जबकि वास्तव में उन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगाया गया था। टीके के असर के बारे में नकारात्मक बातें सोचने के कारण लोगों को ऐसी तकलीफ महसूस हो रही थी।



### नेगेटिव सोच का इफेक्ट

जो लोग अपनी हेल्थ के प्रति जरूरत से ज्यादा सचेत होते हैं, उनमें भी नोसेबो इफेक्ट के लक्षण नजर आते हैं। अब तक किए गए अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति लगातार यही सोचे कि मुझे दर्द हो रहा है, मुझे अमुक बीमारी है तो कुछ समय के बाद वाकई उसे दर्द होने लगता है। हालांकि वास्तव में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक कारणों से उसके शरीर में बीमारियों जैसे लक्षण भी प्रकट होने लगते हैं।

### इंटरनेट नॉलेज भी है वजह

आजकल किसी भी स्वास्थ्य समस्या का नाम सुनते ही लोग सबसे पहले इंटरनेट पर उसके बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। उसके लक्षणों से अपना मिलान करने लगते हैं। सच्चाई यह है कि इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पूरी तरह सही नहीं होती है। कई बार किसी स्वास्थ्य समस्या का विवरण कुछ इस तरह दिया जाता है कि उस जानकारी से लोग भयभीत हो जाते हैं और बीमार न होने पर भी खुद को गंभीर रोग का मरीज समझने लगते हैं।

### गैजेट्स के ओवरयूज से बचें

खुद को बीमार मानने की सोच से उबरने के लिए 24 घंटे स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट्स से दूर रहना भी जरूरी है। अनेक हेल्थ एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोग हमेशा इसी चिंता से त्रस्त रहते हैं कि आज दस हजार कदम चलने का मेरा टारगेट पूरा नहीं हुआ, कल रात मैं आठ घंटे की नींद नहीं ले पाया, मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है, नाड़ी तेज गति से चल रही है। इस तरह से कई बार गैजेट्स और हेल्थ एप्स भी लोगों को हेल्थ एंग्जायटी का मरीज बना देते हैं, इनकी वजह से स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को थका हुआ और बीमार महसूस करने लगता है। बीमार होने की सोच वाली समस्या से बचाव के लिए गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें और इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पर भरोसा ना करें। अपनी हेल्थ के बारे में हमेशा अच्छा और पॉजिटिव सोचें तो हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे।



### ऐसे करें बचाव

बीमार होने की नेगेटिव सोच से बचने के लिए थॉट रिप्लेसमेंट का तरीका अपनाएं। जब भी आपके मन में सेहत के प्रति कोई नकारात्मक विचार आए तो सचेत तरीके से उसी वक्त उन बातों से अपना ध्यान हटाकर अच्छी बातें सोचना शुरू कर दें कि मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। मैं लगातार ठीक हो रहा हूं। तार्किक ढंग से सोचें और अपने जीवन की वास्तविकता को पहचानें। जब हेल्थ को लेकर मन में कोई डर या चिंता महसूस हो तो इस बात पर विचार करें कि हर बीमारी उपचार संभव है तो फिर परेशान नहीं होना चाहिए। इसके अलावा नकारात्मक बातों से ध्यान हटाने के लिए मनपसंद संगीत सुनें, प्रेरक किताबें पढ़ें या अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें। ध्यान और योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करें। *

**(मनोवैज्ञानिक सलाहकार विचित्रा दर्गन आनंद से बातचीत पर आधारित)**

---

आहार/ राजकुमार 'दिनकर'

## गर्मी में पाचन सही रखे छाछ



सदियों से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों के खान-पान का सबसे अहम हिस्सा दूध, दही और छाछ रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में मई-जून के महीने में, जिस तरह की आग बरसाती गरमी पड़ने लगी है, उससे दही और छाछ की खपत शहरों में भी काफी बढ़ जाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि छाछ इन तपते दिनों में दिल से लेकर दिमाग तक को तृप्त कर देता है।

**बढ़ी है डिमांड-सप्लाईः** इस वर्ष भी अप्रैल के बाद से ही पूरे देश में बहुत तेजी से छाछ या मट्ठा की मांग बढ़ गई है। इसका कारण है तेज गरमी। छाछ के स्वाद और स्वास्थ्य को इससे होने वाले लाभ के कारण आज अनेक दुग्ध-उत्पादक कंपनियां पैकेटबंद अलग-अलग स्वाद की छाछ बाजार में बेच रही हैं। इन्हें खरीदकर पीने वाले ग्राहकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दरअसल, दही से बनने वाली छाछ में कई स्वास्थ्यवर्धक गुण मौजूद होते हैं।

**कई तरह से लाभकारीः** छाछ में मौजूद जीवाणु, आंतों में क्रियाशील हानिकारक कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में तो यह एक औषधि जैसा काम करता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गर्मी के दौरान दोपहर के भोजन के अंत में छाछ पीना, स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

**पाचन करे सहीः** दूध और दही दोनों की अपेक्षा छाछ हल्का और सुपाच्य होता है। गर्मी के मौसम में अगर इसे रोज पिया जाए तो यह शरीर में आलस्य पैदा नहीं करता और इससे पेट में भारीपन भी महसूस नहीं होता है। कमजोर पाचनशक्ति वालों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह भोजन को जल्दी पचाने में भी सहायक होता है। इससे कब्ज और दस्त दोनो ही समस्याएं सही हो जाती हैं।

**कई रोगों से बचाएः** हृदय रोगियों के लिए छाछ विशेषतौर पर लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें दूध की तुलना में चिकनाई कम होती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दमा, गठिया आदि बीमारियां मट्ठे के सेवन से पास नहीं फटकती हैं।

**रखें ध्यानः** छाछ का सेवन जहां तक हो सके, सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के भोजन में ही करना चाहिए। छाछ हमेशा ताजा ही पीना चाहिए। इसे मिट्टी या कांच के बर्तन में पीना अधिक फायदेमंद होता है।

- बुखार आने पर, सर्दी के मौसम में या जुकाम होने की वजह से अगर कफ बन रहा हो तो इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में भी इसे नहीं पीना चाहिए या बहुत कम मात्रा में पीना चाहिए।
- बहुत ज्यादा खट्टा छाछ पीना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। *


---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

भृंगराज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका कई तरह की शारीरिक समस्याओं में उपयोग किया जा सकता है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने और बालों को हेल्दी रखने के साथ ही गर्मी में यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। इसके गुणों के बारे में जानिए।

## कई समस्याओं में कारगर भृंगराज




भृंगराज का पौधा, इंसान को ज्ञात सबसे पुरानी और उपयोगी जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसके अनेक उपयोग दर्ज हैं। सबसे ज्यादा तो यह जड़-बूटी ठंडे भृंगराज तेल के लिए जानी जाती है,जो सिरदर्द भगाने में रामबाण की तरह होता है। भृंगराज उन गिनी-चुनी हर्बल में से भी एक है, जिसका हर हिस्सा औषधीय दृष्टि से उपयोगी होता है। इसके इस्तेमाल से लिवर और आंतों के स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार होता है।

**कई नामों से लोकप्रियः** भृंगराज को वनस्पतिशास्त्र में एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं। इसके अन्य नामों में भांगड़ा, थिसल्स, माका, अंगारक, बंगरा, केसुती, बाबरी आदि हैं। इसे अलग अलग क्षेत्रों की बोली भाषाओं में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है। इसमें तीखी गंध होती है और ये उस जगह बारिश के दिनों में अपने आप उग आता है, जहां नमी होती है।

**गर्मी में विशेष लाभकारीः** भृंगराज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए अगर गर्मी के मौसम में पेट संबंधी कोई भी समस्या मसलन अपच, गैस बनना और कब्ज से पीड़ित हों तो बहुत आसानी से इसके इस्तेमाल से इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर गर्मियों में भृंगराज का तीन महीने तक शर्बत पीया जाए, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

**बालों के लिए वरदानः** भृंगराज पौधे की पत्तियों में विशेष गुण होते हैं। जिन लोगों के सिर के बाल झड़ रहे हों, वो लोग अगर भृंगराज के पौधे की हरी पत्तियों को पीसकर अपने सिर में लगा लें तो बाल झड़ने तुरंत बंद हो जाते हैं। झड़ते बालों को रोकने ही नहीं बल्कि उन्हें काला करने के बारे में भी इसको ख्याति हासिल है।

**होते हैं कई गुणः** भृंगराज में अनेक प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जैसे- फ्लेवोनॉयड और एल्कलॉइड। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं और विभिन्न प्रकार के हानिकारक चीजों से लिवर की रक्षा करते हैं। लिवर की रक्षा के लिए भृंगराज बहुत उपयोगी माना जाता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो लिवर को हैपेटाइटिस सी जैसे वायरल संक्रमण से बचाता है। भृंगराज शरीर में होने वाली सूजन को असरदार ढंग से रोकता है और इसके अंदर जो पोषक तत्व होते हैं, उन्हीं से बालों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई में इजाफा होता है। त्वचा के कटने, छीलने या घाव आदि हो जाने पर भी यह असरदार तरीके से काम करता है। यह कफ और वात विकार को भी कम करता है। लिवर के साथ किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। फैटी लिवर और पीलिया जैसी समस्याओं में यह बेहद असरकारी होता है। त्वचा के संक्रमण से भी यह बचाता है।

**एक्सपर्ट की राय से करें यूजः** इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर और उसमें तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर बाजार से मिलने वाले भृंगराज हर्बल के विभिन्न प्रोडक्ट्स जैसे कैप्सूल आदि का सेवन किया जा सकता है। भृंगराज का उपयोग हमेशा किसी आयुर्वेद एक्सपर्ट की सलाह और देख-रेख में ही करना चाहिए, वरना नुकसान भी हो सकता है। *


---

डिजीज

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन ट्यूमर की समस्या किसी भी उम्र में और किसी को भी हो सकती है। ऐसे में इससे बचाव का एक ही तरीका है कि समय रहते इसे डायग्नोज कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए। इसके लिए लोगों में अवेयरनेस होना जरूरी है।

## ब्रेन ट्यूमर सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है

विशेषज्ञों के मुताबिक़ ब्रेन ट्यूमर के चार स्टेज होते हैं और अगर तीसरे स्टेज के शुरुआत में भी इसका पता चल जाए तो बीमार व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इस बात से यह महत्वपूर्ण तथ्य निकलता है कि अगर हम समय रहते ब्रेन ट्यूमर की पहचान कर लें, तो इस घातक बीमारी से हर हाल में बचा जा सकता है।

**किसी को भी हो सकता हैः** हर साल दुनिया में ब्रेन ट्यूमर के 300000 से ज्यादा मामले सामने आते हैं। यह समझना भी जरूरी है कि कोई भी इसकी गिरफ्त में आ सकता है। एक जमाने में माना जाता था कि 20 साल की उम्र तक के लोगों को ब्रेन ट्यूमर की समस्या नहीं होती, लेकिन बदले खान-पान, प्रदूषण में हुए भारी इजाफे और अन्य कारणों के चलते आज 21 से 85 साल की उम्र समूह के किसी भी शख्स को इसकी समस्या हो सकती है। 40 साल से ज्यादा की उम्र वालों में इसकी आशंका इससे कम उम्र के लोगों के मुकाबले 20-21 फीसदी बढ़ जाती है।

**क्या है ब्रेन ट्यूमरः** वास्तव में जब मस्तिष्क में या इसके आस-पास की कोशिकाओं के डीएनए में खामी आ जाती है या वो बदल जाते हैं तो ये ब्रेन कैंसर के खतरे को जन्म देते हैं। दरअसल, डीएनए परिवर्तन के चलते जब ट्यूमर कुछ खास रसायनों के संपर्क में आता है तो इनका प्रभाव बहुत घातक हो जाता है। सवाल है, आखिर किसी को ब्रेन ट्यूमर किन वजहों से होता है और किन वजहों से इसमें लगातार तेजी आती जा रही है? सच्चाई यही है कि ब्रेन ट्यूमर की एक बड़ी वजह धरती में नियमित रूप से प्रदूषण का बढ़ना है। दरअसल निकिल, कैडमियम, विनाइल क्लोराइड, रेडान, बेंजीन ऐसे रसायन हैं कि अगर इन रसायनों के लगातार संपर्क में रहा जाए तो ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है। धूम्रपान भी इसकी दूसरी एक बड़ी वजह है। सिर में चोट लगने पर अगर सही से उसका इलाज न करवाया जाए तो एक स्थिति के बाद यह चोट भी मस्तिष्क ट्यूमर की वजह भी बन सकती है। लगातार तनाव में रहना, नींद न आना, बार बार चोट लगना इससे भी ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है।

**पहचानें शुरुआती लक्षणः** ब्रेन ट्यूमर को समय रहते पकड़ना मुश्किल नहीं है बशर्ते हम सजग हों। जब सुबह के समय सिर में तेज दर्द हो और इसी दर्द की वजह से कई बार रात को जागना भी पड़े तो यह सामान्य सिरदर्द नहीं। ऐसे में तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए कि कहीं यह ब्रेन ट्यूमर की निशानी तो नहीं। रात में और सुबह तेज सिरदर्द के अलावा ब्रेन ट्यूमर के जो अन्य महत्वपूर्ण लक्षण हैं उनमें-बोलने और सोचने में कठिनाई का महसूस होना, आंखों में धुंधला दिखना, अचानक सुनने की क्षमता में कमी हो जाना, चेहरे का सुन्न हो जाना, थूक को निगलने में कठिनाई होना, किसी चीज में मन न लगना, विभिन्न तरह की गंधों का पता न लगना यानी उनका एहसास न होना। ये सब ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं।

**संभव है ट्रीटमेंटः** ब्रेन ट्यूमर लाइलाइज नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इस बीमारी को पकड़ने में आप चूक गए तो यह लाइलाज हो सकता है। इसलिए सबसे जरूरी यही है कि आप इसे लेकर सजग रहें। अगर आप के माता-पिता ब्रेन ट्यूमर के सर्वाइवर रहे हैं तो आपको और भी ज्यादा सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपके इसकी चपेट में आने की आशंका और ज्यादा है। *


---

### आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

**हरिभूमि- संपादक-सेहत**

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- **sehatharibhoomi@gmail.com**


छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन से
संवर रहा छत्तीसगढ़
सुशासन और
समग्र विकास के
6
माह
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
विकास की नई राह
कृषक उन्नति से समृद्ध किसान, 3100 रुपए में ख़रीदा धान
मिला दो वर्षों का 3716 करोड़ रुपए बकाया बोनस
पीएम आवास से 18 लाख से अधिक परिवारों को अपना मकान, गरीबों का रखा ध्यान
मुफ्त अनाज से गरीबों का कल्याण, एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्षों तक राशन
महतारी वंदन से महिलाओं को आर्थिक संबल, प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की मदद से 70 लाख महिलाओं को मिला बल
तेंदूपत्ता मानदेय अब बढ़कर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए भुगतान, आदिवासी का सम्मान
शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिली, युवाओं में चहुँओर खुशी
भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित, युवा रहेगा अब निश्चिंत
'नियद नेल्लानार' से माओवादी समस्या का पूर्ण निदान, लड़ाई से आगे बढ़ विकास का विधान
त्वरित निर्णय- सख्त प्रशासन, विगत 6 माह में, 129 माओवादी ढेर, 488 गिरफ्तार, 431 आत्मसमर्पण
'रामलला दर्शन योजना' से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का मिल रहा सौभाग्य
सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम है बलौदाबाजार की घटना। घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पद से इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते तो मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को बर्खास्त करें। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, कलेक्टर और एसपी के कार्यालय को एक साथ जला दिया गया। यह घटना राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा, यह घटना सरकार के इंटेलीजेंस फेलियर का परिणाम है। समाज ने प्रदर्शन के लिये अनुमति ली थी। सरकार को जानकारी थी, फिर भी सावधानी क्यों नहीं बरती गयी? सतनामी समाज द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बलौदाबाजार पहुंचने की अपील की गयी थी। बड़ी संख्या में लोग आयेंगे इसका भी अनुमान था, फिर प्रशासन ने लापरवाही क्यों बरती? उन्होंने कहा, साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की गई होती और समाज से संवाद किया गया होता, तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। यहां की स्थिति को समय पर हल नहीं करने के कारण इस पूरे मामले के लिये दोषी साय सरकार है। इस घटना की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये।

### महिला के गले से चेन लूटने की कोशिश

रायपुर। डीडीनगर थाना में एक महिला ने सोमवार को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ चेन लूटने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक 50 वर्ष की करीब उम्र की महिला महादेव घाट रोड पर टहलने के लिए निकली थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और उसके गले से चेन लूटकर भागने की कोशिश करने लगे। बदमाश महिला के गले में झपट्टा मारकर चेन लूटने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान महिला ने चेन को अपने हाथ में पकड़ लिया, इस वजह से बदमाश महिला के गले में पहनी चेन नहीं लूट पाए।

# ढाई माह से वेतन नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा, आबकारी कार्यालय में किया प्रदर्शन

## तीन दिन में वेतन नहीं मिला तो विभाग करेगा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने एसआईएस कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुरक्षा गार्डों को पिछले ढाई माह से कंपनी ने वेतन नहीं दिया है। इससे परेशान होकर सैकड़ों की संख्या में सुरक्षा गार्डों ने बुधवार को सिविल लाइन स्थित आबकारी कार्यालय का घेराव कर यहां प्रदर्शन किया।

सुरक्षा गार्डों के प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। विभागीय अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लेकर कंपनी के लोगों को तत्काल कार्यालय बुलाया और सुरक्षा गार्डों को 3 दिन के भीतर वेतन देने का अल्टीमेटम दिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद भी कंपनी वेतन का भुगतान समय पर नहीं करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रायपुर जिले में शासकीय शराब दुकानों में गार्डों की नियुक्ति के लिए विभाग ने एसआईएस सुरक्षा कंपनी को ठेका दिया है। कंपनी को यह ठेका अप्रैल 2024 में दिया गया है। इससे पहले यह ठेका दूसरी सुरक्षा कंपनी को दिया गया था। इस कंपनी के भीतर जिलेभर में अलग-अलग शिफ्ट में लगभग ढाई सौ सुरक्षा गार्ड काम करते हैं।

एसआईएस कंपनी को ठेका मिले लगभग ढाई माह हो चुका है, लेकिन ड्यूटी कर रहे सुरक्षा गार्डों में बमुश्किल 25 से 30 को ही वेतन दिया गया है, शेष सुरक्षा गार्डों को अब तक वेतन नहीं दिया गया है। इससे परेशान होकर सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आबकारी कार्यालय का घेराव किया।

कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलकर आबकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे सुरक्षा गार्डों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि उनका वेतन सीधे उनके खाते में आता है। सभी सुरक्षा गार्ड पुराने हैं, जो पिछले कई साल से शराब दुकानों में गार्ड की नौकरी कर रहे हैं। सभी सुरक्षा गार्ड के खाते अपडेट हैं, लेकिन नई कंपनी खातों को अपडेट नहीं होने का बहाना बनाकर वेतन दे नहीं रही है।

उन्होंने बताया कि एक माह का वेतन नहीं मिलने के बाद कंपनी के लोगों ने कहा था कि एक सप्ताह के भीतर उनका रुका वेतन उनके खातों में पहुंच जाएगा, लेकिन ढाई माह बीत गए पर अब तक उनके खातों में वेतन के पैसे नहीं पहुंचे हैं।


### 3 दिन में वेतन नहीं दिया तो एक्शन लेंगे

सुरक्षा गार्डों को दो माह का वेतन नहीं मिला है। एसआईएस कंपनी का कहना है कि खाते अपडेट नहीं हैं, जिसके कारण पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहा है। बातचीत के बाद कंपनी को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी वेतन नहीं दिया तो नोटिस जारी कर एक्शन लेंगे।

**– विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी रायपुर\

# अब बच्चों की आंखों का भी होगा इलाज मल्टीस्पेशलिटी बनेगा माना अस्पताल

### रेटिना की तमाम जांच और उपचार, आधुनिक उपकरण भी जुटाएंगे, अभी तक मोतियाबिंद पर था फोकस, अब तक डेढ़ हजार ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

कोरोना के बाद नेत्र हास्पिटल के रूप में तब्दील हुआ माना अस्पताल जल्दी ही मल्टीस्पेशलिटी सुविधा से युक्त होगा। बड़ों के साथ यहां बच्चों की आंखों के इलाज की भी सुविधा होगी। रेटिना से संबंधित तमाम जांच और उपचार के लिए यहां आधुनिक उपकरण जुटाए जाएंगे। माना में अब तक मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस था और दो साल में डेढ़ हजार से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं।

कोरोनाकाल के दौरान माना के सिविल अस्पताल को सौ बेड का विशेषीकृत अस्पताल बनाया गया था और बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया गया था। महामारी का दौर समाप्त होने के बाद सामान्य मरीजों के इलाज के साथ नेत्र अस्पताल के रूप में उपयोग किया जाने लगा था। वहां पंडरी के जिला अस्पताल के नेत्ररोग विभाग को शिफ्ट कर ज्यादा से ज्यादा मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस किया गया था। करीब दो साल में वहां डेढ़ हजार लोगों को मोतियाबिंद से मुक्त किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार अब आवश्यकताओं को देखते हुए अस्पताल को मल्टीस्पेशलिटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। आने वाले दिनों में यहां बच्चों की आंखों की समस्या का इलाज किया जाएगा।

इसके साथ रेटिना से संबंधित तमाम ऑपरेशन यहां पूरे किए जाएंगे। इसके लिए यहां नेत्र चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जरूरतों के हिसाब से आधुनिक मशीन और संसाधन जुटाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना पर काम शुरू कर दिया गया है, जिसे आने वाले दिनों में कार्यरूप दिया जा सकेगा।

### सौ बेड का था अस्पताल

काफी साल पहले माना के सिविल अस्पताल का निर्माण किया गया था और वहां सौ बेड की क्षमता विकसित की गई थी। आवश्यकता के हिसाब से ओपीडी का संचालन भूतल में ही पूरा हो जाता था और अन्य मंजिल के वार्ड बेकार पड़े थे। कोरोनाकाल में जब ज्यादा से ज्यादा बेड की जरूरत पड़ी, तो स्वास्थ्य विभाग ने इसके विशेषीकृत कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग में लाया। दस करोड़ की लागत से बने इस अस्पताल भवन का अब पूरा उपयोग किया जा रहा है।

### कलेक्टर का दौरा, मरीजों से फीडबैक

कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार की सुबह औचक निरीक्षण पर माना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मोतियाबंद की सर्जरी के लिए भर्ती मरीजों से तबीयत के साथ उपचार व्यवस्था और खानपान के बारे में पूछा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर के निरीक्षण के साथ शल्य क्रियाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने ओटी टेबल बदलने और साफ-सफाई पर जोर दिया।

### सुविधायुक्त बनाएंगे

माना अस्पताल को सुविधायुक्त मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बनाने की योजना है। यहां आवश्यक संसाधन जुटाएं जाएंगे और आंखों की विभिन्न समस्याओं का इलाज किया जाएगा।

**– डॉ. निधि अत्रीवाल,** नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

### माइनिंग घोटाला मामले में सूर्यकांत, विश्नोई से पूछताछ पूरी, न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए

**रायपुर।** माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्लू ने हिरासत में लिए गए सूर्यकांत तिवारी तथा निलंबित आईएएस समीर विश्नोई से पूछताछ करने के बाद बुधवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने 18 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। इसी के साथ ही जांच एजेंसी ने महादेव सट्टा एप घोटाला मामले में जेल में बंद नीतीश दीवान को प्रोटक्शन वारंट पर लेने के बाद कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। जांच एजेंसी की अर्जी पर कोर्ट ने नीतीश दीवान को 12 दिनों के लिए 24 जून तक जांच एजेंसी की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया। उल्लेखनीय है कि माइनिंग घोटाला के आरोपियों से ईओडब्लू ने जेल में पूछताछ करने के बाद उन्हें बारी-बारी से हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वर्तमान में माइनिंग घोटाला के आरोपी खनिज अधिकारी एसएस नाग, सुनील नायक सहित अन्य दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनगण्डल कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)

फोन / फैक्स नं. 07815-250157, Email : dfokatghora@gmail.com

### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत करानिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ / जलाऊ घट्टा/व्यापारिक वांरा/औद्योगिक बांस का नीलाम, दिनांक 20,00,2024 को प्रातः 9,00 बजे से कसनिया काष्ठागार में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा।

विवरण

| प्रजाति | पिछला नीलाग का शेष वनोपज | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली / डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली / डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली / डेंगरी नग |
| सागौन | 1.919 | 229 | 301.000 | 300 | 302.919 | 529 |
| साल | 699.182 | 406 | 207.000 | 1620 | 906.182 | 2026 |
| वीजा | 45.164 | 78 | 0.000 | 0 | 45.164 | 78 |
| तिंसा | 8.277 | 79 | 0.000 | 0 | 8.277 | 79 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 0.000 | 29 | 10.000 | 0 | 10.000 | 29 |
| हल्दू | 2.442 | 0 | 0.000 | 0 | 2.442 | 0 |
| साजा | 30.054 | 27 | 2.000 | 70 | 32.054 | 97 |
| धावड़ा | 4.050 | 4 | 0.000 | 0 | 4.050 | 4 |
| सलहा | 2.166 | 0 | 1.000 | 0 | 3.166 | 0 |
| नीलगिरी | 40.670 | 87 | 30.000 | 100 | 70.670 | 187 |
| शीशु | 0.000 | 0 | 5.000 | 0 | 5.000 | 0 |
| तेंदू | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| अन्य | 53.562 | 191 | 40.000 | 130 | 93.562 | 321 |
| योग (काष्ठ) :- | 887.486 | 1130 | 596.000 | 2220 | 1483.486 | 3350 |
| कसनिया काष्ठागार मे रखे गये जलाऊ काष्ठ | | | | | | |
| सागौन जलाऊ | 9 | चट्टा | 0 | चट्टा | 9 | चट्टा |
| सतकठा जलाऊ | 52 | चट्टा | 0 | चट्टा | 52 | चट्टा |
| कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| सलिहा जलाऊ | 65 | चट्टा | 0 | चट्टा | 65 | चट्टा |
| योग (जलाऊ) :- | 126 | चट्टा | 0 | चट्टा | 126 | चट्टा |
| निस्तार डिपो पाली | | | | | | |
| सतकठा जलाऊ | 464 | चट्टा | 0 | चट्टा | 464 | चट्टा |
| योग ( जलाऊ) :- | 464 | चट्टा | 0 | चट्टा | 464 | चट्टा |
| कसनिया काष्ठागार मे रखे गये वांस | | | | | | |
| व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | 0 | नो. टन | 0 | नो. टन | 0 | नो. टन |
| औद्योगिक बांस (बण्डल) | 300 | बण्डल | 0 | बण्डल | 300 | बण्डल |
| | 2.499 | नो. टन | 0 | नो. टन | 2.499 | नो. टन |
| योग (बांस) :- | 2.499 | नो.टन | 0 | नो.टन | 2.499 | नो.टन |

| प्रजाति | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | | नया वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली /डेंगरी नग | जलाऊ चटटा | बल्ली /डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | जलाऊ चटटा | लट्ठा घ.मी. | बल्ली /डेंगरी नग | जलाऊ चटटा |
| निस्तार डिपो सक्ती (बीजा) | 0.507 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.507 | 0 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (साल) | 1.771 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 1.771 | 0 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (अन्य ) | 40.661 | 105 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 40.661 | 105 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (सतकठा) | 0.000 | 0 | 32 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 32 |
| अकलतरा डिपो (सागौन ) | 0.000 | 380 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 380 | 0 |
| अकलतरा डिपो (साल) | 4.327 | 161 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 4.327 | 161 | 0 |
| अकलतरा डिपो ( साजा) | 3.755 | 14 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 3.755 | 14 | 0 |
| अकलतरा डिपो (नीलगिरी ) | 0.724 | 13 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.724 | 13 | 0 |
| अकलतरा डिपो (अन्य) | 23.630 | 19 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 23.630 | 19 | 0 |
| अकलतरा डिपो ( सतकठा) | 0.000 | 0 | 293 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 293 |
| बलोदा (अन्य ) | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| बाराद्वार डिपो (अन्य ) | 8.079 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 8.079 | 0 | 0 |
| बाराद्वार डिपो (सतकठा) | 0.000 | 0 | 22 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 22 |
| पंतोरा डिपों (सागौन ) | 0.000 | 1 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 1 | 0 |
| पंतोरा डिपों (साल) | 9.847 | 2 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 9.847 | 2 | 0 |
| पंतोरा (अन्य ) | 3.490 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 3.490 | 0 | 0 |
| सतकठा | 0.000 | 0 | 3 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 3 |
| योग (काष्ठ) :- | 96.791 | 695 | 350 | 0 | 0.000 | 0 | 96.791 | 695 | 350 |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है, कि वे नीलाम मे भाग लेवें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में वनमण्डल कार्यालय व काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है। बोली बोलने के पूर्व लाटो का भली भाँति निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के व्यौरे गलत पाये जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए कोई दावा मान्य नही होगा ।

टीप :- 1. केता को ई.एम.डी. के साथ पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

2. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक का मल्टीसिटी चेक अथवा ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जायेंगे । अन्य बैंको के मल्टीसिटी चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वन मण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

जी-242500255/3

# राहुल की राह पर छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी हार की जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं

### कांग्रेस में हार की समीक्षा की मांग पकड़ रही जोर, नेता बयानबाजी में लगे- श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस बात पर आश्चर्य जताया है कि विधानसभा के बाद प्रदेश की लोकसभा सीटों पर करारी हार के बाद भी कांग्रेस में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। सब आपसी जुबानी जंग में लगे हैं या फिर हार से बौखलाए कांग्रेस नेता स्तरहीन बयानबाजी कर अपने दीवालिएपन का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के भीतर अब लगातार हार की समीक्षा के लिए बैठक बुलाने की मांग जोर पकड़ रही है, लेकिन कांग्रेस नेता सिर्फ हवा-हवाई बयानबाजी करके अपनी बची-खुची सियासी साख बचाने में लगे हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति ही यही रही है कि ऊपर से लेकर नीचे तक कोई नेता जीत को पचा नहीं पाता और हार के लिए खुद को जिम्मेदार नहीं मानता। कांग्रेस में राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल तक यही कर रहे हैं।

तीन-तीन लोकसभा चुनाव में अपने नेतृत्व में कांग्रेस के लगातार दयनीय प्रदर्शन के बाद भी राहुल गांधी अहंकार और खुशफहमी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पहले यह तो बताएं कि जब जीत जाने का इतना भरोसा था, तो सोनिया गांधी रायबरेली सीट छोड़कर राजस्थान के रास्ते राज्यसभा में क्यों गईं? और, अपनी ही अमेठी सीट छोड़कर राहुल गांधी ने दो बार केरल की वायनाड सीट क्यों चुनी? भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा, बघेल विधानसभा चुनाव की करारी शिकस्त और लोकसभा चुनाव की हार के बाद अब राहुल, पाजामा और नाड़े से बाहर निकलकर राजनीतिक सच का सामना करने की आदत डाल लें। उन्होंने तंज कसा कि न बघेल हार की जिम्मेदारी ले रहे हैं, न प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज किसी एक को जिम्मेदार मान रहे हैं।

बैज यह तो बताएं कि कांग्रेस की हार के लिए अगर कोई एक नेता जिम्मेदार नहीं है, तो जो-जो नेता जिम्मेदार हैं, उनकी जवाबदेही कब तक तय की जा रही है? कांग्रेस संगठन में फेरबदल की चर्चा चलाकर क्या हार का ठीकरा फोड़ने के लिए मत्था तलाशा जा रहा है?

# यात्रा भत्ता बिल के साथ जियो टेग और फास्ट टैग कटौती का प्रमाण मांगा जा रहा

**रायपुर।** प्रदेश के निर्माण विभागों में अभियंताओं के दौरे और निरीक्षण का यात्रा भत्ता देयक तैयार करने कई तरह की आपत्तियां लगाई जा रही हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि प्रदेश सरकार का उन सभी बिलों के भुगतान से पहले यह सुनिश्चित करने का प्रयास हो रहा है कि वह सही है कि नहीं। पुराने नियम के मुताबिक सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के आधार पर इसका भुगतान किए जाने का प्रावधान है। अब इन देयकों को पारित करने नई आपत्ति लगाई जा रही हैं। इनमें जिस स्थल का निरीक्षण किया गया, उसका जियो टेगिंग और एनएच से निजी गाड़ी से जाने पर फास्ट टैग का बिल भी मांगा जा रहा है। बताया जाता है कि शासकीय दौरे में जिन कर्मचारियों को यात्रा भत्ता देयक की पात्रता होती है, उन्हें यात्रा के संबंध में सक्षम अधिकारी का अनुमोदन होने के अलावा वहां पर निरीक्षण के दौरान प्रतिवेदन देखकर भुगतान के आदेश दिए जाते हैं।




https://joinindiancoastguard.cdac.in के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण
13 जून 24 (1100 बजे) से 03 जुलाई 24 (2330 बजे) तक उपलब्ध है।

नोटः 1. विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया के लिए कृपया https://joinIndiancoast guard.cdac.in का अवलोकन करें।

2. कृपया अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने से पहले वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। यह केवल सांकेतिक विज्ञापन है।

अस्वीकरणः- विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचनाएँ केवल दिशा-निर्देशों के लिए हैं। पात्रता मानदंड, तिथि, परीक्षा का समय और अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में किसी भी अस्पष्टता के मामले में, तटरक्षक भर्ती वेबसाइट https://join Indian coastguard.cdac.in पर दी गई सामग्री अंतिम होगी।

सावधानीः तटरक्षक बल में चयन निष्पक्ष और केवल योग्यता के आधार पर होता है। अभ्यर्थी को भर्ती एजेंट के रूप में प्रस्तुत बेईमान व्यक्तियों के बहकावे में नहीं आना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध शिकायत के लिए, उम्मीदवार को भर्ती निदेशालय, तटरक्षक मुख्यालय, नोएडा से टेलीफोनः 0120-2201337 और ईमेल आईडीःdte-rect@Indiancoastguard.nic.in पर संपर्क करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन हेतु इस QR कोड को स्कैन करें

CBC 10119/11/0002/2425

### मेडिकल कालेज में प्लास्टर सहित फॉल्स सीलिंग गिरा, बड़ा हादसा टला

**रायपुर।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग में बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। विभाग के फैकल्टी कक्ष का प्लास्टर फॉल्स सीलिंग सहित भरभराकर गिर पड़ा। कुछ देर पहले ही वहां से एक छात्रा बाहर निकली थी। इस घटना से कालेज में हड़कंप मच गया। लगभग 45 साल पुरानी हो चुकी इस बिल्डिंग की मरम्मत कराने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भवन करीब 45 साल पुराना है। यहां बारिश के दिनों में सीपेज के साथ पानी टपकने और कई बार प्लास्टर और फॉल्स सीलिंग के गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक्शन में सरकार,...

हिरासत में लिया गया है। साथ ही करीब 500 की तलाश की जा रही है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि इस सुनियोजित तरीके से हिंसा की गई। एक सुंदर बिल्डिंग जला दी गई, इससे क्या हासिल हुआ।

### फोरेंसिक टीम जांच...

बिल्डिंग में आग लगाने के लिए उत्पातियों ने पेट्रोल के साथ और किस तरह के ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग किया है। इसके साथ ही बिल्डिंग में आग फैलने की वजह की फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### कलेक्टर-एसपी ने...

को एसपी बनाकर भेजा गया था। दोनों ने ही आदेश जारी होने के दूसरे दिन ही ज्वाइन कर लिया। साथ ही कामकाज भी शुरू कर दिया।

### गुरु रुद्र पहुंचे...

हुए कहा कि वे धार्मिक स्तंभ को नुकसान पहुंचाने के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने गए थे। आगजनी की घटना को पूर्व मंत्री ने निंदनीय बताते हुए कहा कि उनका समाज इस तरह की घटना को अंजाम नहीं दे सकता। माफी नहीं मांगने पर पूर्व मंत्री ने आरोप लगाने वाले मंत्रियों के खिलाफ मानहानि का दावा करने की चेतावनी दी है।

### किचन से फैली...

के पास है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आग की घटना को दुखद बताया और कहा कि कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

### लोकसभा का सत्र...

समापन 3 जुलाई को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और नई सरकार की योजनाओं को लेकर रुपरेखा पेश करेंगी।

### दिन दहाड़े बंदूक...

दहशत का माहौल है।
जानकारी के अनुसार तिल्दा निवासी धान कारोबारी विष्णु शर्मा आजाद चौक के पास अपने आफिस में बैठे हुए थे। इसी बीच सुबह करीब 11 बजे दो अज्ञात बंदूकधारी लोग आफिस में घुस गए और बंदूक दिखाकर बैग में रखे 27 लाख को लूटकर फरार हो गए।

### भाजयुमो नेता ने...

साथ गृह ग्राम डिंडो गया था। इस दौरान शाम लगभग 4 बजे उसने अपने बच्चे को चाचा के पास भेज दिया और दम्पति कमरे में चले गए। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर तेज आवाज में टीवी शुरू कर दिया। इस दौरान लगभग डेढ़ घंटे बाद कमरे के सामान गिरने की आवाज आई तो परिजन ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो दोनों बेहोश पड़े हुए थे। इस दौरान अंजू गुप्ता की मौत हो गई थी जबकि राकेश गुप्ता ने वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

### बिलासपुर जिले के...

को बरामदे में बिठाकर पढ़ाई कराई गई, ताकि ऐसी स्थिति बनने पर तात्कालिक तौर पर उन्हें बाहर किया जा सके। **113 स्कूलों को किया जाना है डिस्मेंटल**-जिले में एक तरफ 761 स्कूल जर्जर हैं, जिसे मरम्मत की जरूरत है, वहीं 113 स्कूल पूरी तरह से डिस्मेंटल के लायक है। जिला शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों को तोड़ने शासन को जानकारी भेजी है। इससे पहले 20 दिसंबर 2021 को डिस्मेंटल करने लायक स्कूलों को चिन्हांकित कर सूची बनाई गई थी। इस दौरान कोटा, मस्तूरी, तखतपुर, बिल्हा ब्लाक से जर्जर 288 स्कूल, भवनों को डिस्मेंटल करने का आदेश मिला था। लेकिन 3 साल में केवल 175 स्कूलों को ही डिस्मेंटल किया गया। वर्तमान में मस्तूरी ब्लॉक में 16, बिल्हा में 32 और तखतपुर में 65 स्कूलों को डिस्मेंटल कर वहां नया स्कूल भवन का निर्माण कराया जाना है।**खपरैल वाले हैं 21 स्कूल भवन**-स्कूल शिक्षा विभाग ने जर्जर भवनों को ढहाने पीडब्ल्यूडी विभाग से लेकर अन्य संबंधित विभागों से कई बार पत्राचार किया गया। लेकिन विभाग के अफसर मौन साधे हुए हैं। जिले में बिल्हा, कोटा, तखतपुर, मस्तूरी ब्लाक के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला जर्जर हो चुके हैं। यहां तक कि 21 स्कूलों में छत खपरैल की है। ये कई सालों से जीर्ण-शीर्ण हालत में है। इनकी स्थिति अत्यंत खराब है। इन स्कूलों में खिड़की, दरवाजा, छत मरम्मत, गेट लगाने कि आवश्यकता है।**शासन को भेजी गई है सूची**-जिले के 761 स्कूल जर्जर हैं, इनकी मरम्मत कराई जानी है। फंड के लिए शासन को जानकारी भेजी गई है। इसके साथ ही 113 स्कूल जो अत्यंत खराब हालत में हैं, उन्हें डिस्मेंटल किया जाना है। नए शिक्षण सत्र से पहले स्कूलों की मरम्मत शुरू हो जाएगी। - टीआर साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।

### इस सत्र भी...

की स्वीकृति मिली। जिसके लिए 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार रूपए की स्वीकृति मिली थी। जिसमें से 10 करोड़ 99 लाख 30 हजार रूपए उपलब्ध हुआ था। मरम्मत के लिए एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बनाया गया था। एक साल गुजर जाने के बाद भी अब तक मात्र 324 स्कूलों की मरम्मत कराई गई। आज भी 182 स्कूल प्रगतिरत है तथा 36 स्कूलों की मरम्मत अब तक प्रारंभ नहीं हो पाई है। कई स्कूलों की हालत मरम्मत की राशि खर्च होने के बाद भी समस्या बनी हुई है। आज भी कई स्कूल ऐसे है जहां छत से पानी टपकता है। प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है, दरारें आ गई हैं। कुछ स्कूलों में छत से प्लास्टर गिरने से बच्चों को चोट भी आ गई है। इसके बाद भी सरकारी एजेंसियां इतनी लापरवाह हैं कि साल भर बाद भी 542 स्कूलों में से सिर्फ 324 स्कूलों का ही मरम्मत कर पाए हैं। 182 स्कूलों में कार्य प्रारंभ है। वहीं कुछ स्कूलों में मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि प्राप्त नहीं हुई है। स्कूलों की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद शेष स्कूलों के लिए फंड मिलता, लेकिन काम पूरा नहीं होने के कारण इस सीजन में इन स्कूलों की मरम्मत संभव नहीं है। 16 जून से इन्हीं स्कूलों में बैठकर बच्चे पढ़ाई करेंगे। नगर के ही कई स्कूलों की हालत बहुत जर्जर है। रायपुर रोड फोकटपारा स्थित रामानुज देवांगन प्राथमिक शाला, नगर पालिका स्कूल, रमाबाई पाण्डेय स्कूल मरम्मत के विरोध में पैरेंट्स ने आवाज उठाई। कुछ स्कूलों में जहां छत से पानी टपकने, दरार या प्लास्टर गिरने जैसी शिकायत है, वहां भी कोई काम नहीं हुआ। अब इन्हीं जगहों पर नए शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू होगी।

### बच्चों के भविष्य...


